मंगलवार, 13 मई 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 37 – 28 |
| आर्द्रता | 48% |
| सूर्योदय: 4:58 | सूर्यास्त: 18:08 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



सीमा पर तनाव थमने से शेयर बाजार ने लगाई लंबी छलांग, सेंसेक्स 2,975 अंक चढ़ा –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जो लोग आपकी सच्चाई से डरेंगे, ओ आपको हर समय गलत साबित करेंगे।




JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II
COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY
JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING
CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com
DIVYANSH JAISWAL



RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## पाकिस्तान को पीएम मोदी की चेतावनी

# 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते'



### ■ पाकिस्तान से बात सिर्फ आतंक और पीओक के मुद्दे पर होगी

**नयी दिल्ली :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के बाद सेना की कार्रवाई के लिए उन्हें सैल्यूट किया। पाकिस्तानी आतंकियों को भारतीय सेना ने जिस तरह से धूल चटाया, उसकी पीएम मोदी ने ना केवल तारीफ की बल्कि हमारे जांबाजों की वीरता और शौर्य को सलाम भी किया। वहीं पीएम मोदी ने पाकिस्तान को दो टूक शब्दों में चेतावनी दे दी है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता।

मेड इन इंडिया हथियारों को लेकर पीएम मोदी ने कहा, युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने रेगिस्तानों और पहाड़ों में अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही न्यू एज वॉरफेयर में भी अपनी क्षमता दिखाई। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रमाणिकता सिद्ध हुई। मेड इन इंडिया इक्विपमेंट का समय आ चुका है। आतंकवाद के खिलाफ हमारा एकजुटता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

### युद्ध का युग नहीं है, आतंकवाद का भी युग नहीं है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि निश्चित रूप से यह युग युद्ध का नहीं है लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने दो वर्ष पहले रूस–यूक्रेन संघर्ष को लेकर कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं है और उनके इस वाक्य को वैश्विक मंच पर कई बार दोहराया गया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा का जिक्र किया और कहा, ''भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया है। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता, शांति और समृद्धि की तरफ बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सके, विकसित भारत के सपने को पूरा कर सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है। और पिछले कुछ दिनों में, भारत ने यही किया है।'' उन्होंने कहा, ''हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता, हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ बिलकुल बर्दाश्त नहीं (करने की नीति), ये एक बेहतर दुनिया की गारंटी है।''

### हर आतंकवादी आज जान गया है कि मां–बेटियों का सिंदूर मिटाने का क्या अंजाम होता है

आतंकवादियों के प्रति भारत द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर को 'न्याय के प्रति अखंड प्रतिज्ञा' करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज हर आतंकवादी और आतंकवादी संगठन यह जान गया है कि 'हमारी मां–बेटियों के माथे से सिंदूर मिटाने का क्या अंजाम होता है।' ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के बहादुर सशस्त्र बलों, सैनिकों, वैज्ञानिकों और खुफिया एजेंसी को 'सेल्यूट' किया।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ नयी नीति, परमाणु ब्लैकमेल से नहीं डरेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' को बर्दाश्त नहीं करेगा और साथ ही उन्होंने विश्व को यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि 'आतंकवाद एवं व्यापार' तथा 'आतंकवाद एवं बातचीत' साथ –साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान स्थगित किया है तथा इस अभियान का भविष्य पड़ोसी देश के बर्ताव पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा,''भारत पर आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंक की जड़ें निकलती हैं।'' प्रधानमंत्री मोदी ने साथ ही कहा कि भारत कोई भी परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा, ''परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा।'' मोदी ने पूरी दृढ़ता और चेतावनी भरे शब्दों में कहा, ''भारत किसी 'परमाणु ब्लैकमेल' को सहन नहीं करेगा। हमने पाकिस्तान के खिलाफ अभियान को केवल स्थगित किया है तथा भविष्य उनके व्यवहार पर निर्भर करेगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवाद के खिलाफ भारत की नयी नीति है तथा अब एक नयी रेखा खींच दी गयी है।''

**हमने अभी अपनी सैन्य कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है**

**हम आतंक पर वार करते रहेंगे**

**दुनिया ने हमारे स्वदेशी हथियारों की धमक भी देखी है**

**पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान सरकार...ये गठबंधन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा**

**भारत–पाकिस्तान डीजीएमओ के बीच हुई अहम वार्ता आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई से बचने पर केंद्रित –** पृष्ठ 5

### सोने में 3,400 रुपये की बड़ी गिरावट, अमेरिका–चीन व्यापार समझौते से मांग घटी

**नयी दिल्ली :** अमेरिका द्वारा चीन के आयात पर शुल्क वृद्धि को 90 दिन तक रोकने की घोषणा के बाद कारोबारियों ने सुरक्षित निवेश विकल्प यानी सोने से हटकर खरीदारी की, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ 96,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 3,400 रुपये गिरकर 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। यह 23 जुलाई, 2024 को सोने की कीमतों में 3,350 रुपये की गिरावट के बाद से 10 माह की सबसे बड़ी गिरावट है। शनिवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 99,950 रुपये और 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## पंजाब के जालंधर में सशस्त्र बलों ने 'निगरानी रखने वाले ड्रोन' को मार गिराया: अधिकारी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के जालंधर में सशस्त्र बलों ने एक संदिग्ध 'निगरानी रखने वाले ड्रोन' को मार गिराया। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। जालंधर के उपायुक्त हिमांशु अग्रवाल ने कहा, मुझे बताया गया है कि सशस्त्र बलों ने रात नौ बजकर 20 मिनट पर मंड गांव के पास निगरानी रख रहे एक ड्रोन को मार गिराया। विशेषज्ञों की एक टीम मलबे की तलाश कर रही है। उन्होंने रात 10 बजकर 45 मिनट पर एक संदेश में लोगों को मलबे के पास न जाने और तुरंत नजदीकी थाने को सूचित करने की सलाह दी। अग्रवाल के मुताबिक, यह भी बताया गया कि रात 10 बजे के बाद से ड्रोन से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं हुई है। जालंधर के उपायुक्त ने लोगों से शांत रहने और पटाखे न फोड़ने का आग्रह किया, जैसा कि कुछ इलाकों में किया गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग दहशत फैलाने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

### जम्मू के सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध ड्रोन देखे गए, स्थिति नियंत्रण में: सेना

**जम्मू :** जम्मू क्षेत्र के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सोमवार को देखे गए संदिग्ध ड्रोन से सुरक्षाबल निपट रहे हैं। सेना ने यह जानकारी दी। सीमा रेखा पर ड्रोन गतिविधि की यह ताजा घटना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्र के नाम पहले संबोधन और भारत व पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) की बैठक के कुछ ही घंटों बाद हुई।

## 'किंग' कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से विदा लिया

### कहा आसान नहीं लेकिन यही सही हैं



**नयी दिल्ली :** भारत के सफलतम टेस्ट कप्तान और पिछले एक दशक से भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घो–षणा की जिससे टी20 के दौर में भी पारंपरिक क्रिकेट के संकटमोचकों में शुमार इस महान खिलाड़ी के इस प्रारूप में सुनहरे कैरियर पर विराम लग गया। छत्तीस वर्षीय कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। अब वह सिर्फ एक दिवसीय क्रिकेट खेलेंगे । उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं। जब टी20 क्रिकेट वैश्विक स्तर पर सुर्खियों में था, तब वह टेस्ट प्रारूप को बचाने की मुहिम में सबसे आगे थे। कोहली ने स्वीकार किया कि यह फैसला करना आसान नहीं था जिससे खेल के लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर खत्म हो गया। अटकलों का दौर साल के शुरू में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के निर–ाशाजनक प्रदर्शन के बाद शुरू हुआ। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर घोषणा की, ''मैं खेल के लिए, जिन लोगों के साथ मैदान में खेला और हर उस व्यक्ति के लिए दिल में आभार लेकर जा रहा हूं जिसने मुझे इस खेल के दौरान खेलते हुए देखा है।'' पृष्ठ 8

## युद्धविराम नहीं किया तो व्यापार नहीं करेंगे : ट्रंप

### ■ भारत ने ट्रंप के दावे को खारिज किया
### ■ ट्रंप ने भारत–पाक सीजफायर का श्रेय लिया



**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ तो डोनाल्ड ट्रंप हीरो बनने के लिए तुरंत सामने आ गए। बिना देरी किए अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत और पाकिस्तान से भी पहले सोशल मीडिया पर सीजफायर का ऐलान कर दिया। अब एक कदम और आगे बढ़ते हुए आज ट्रंप ने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान युद्ध नहीं रोकते तो वो उनके साथ ट्रेड बंद कर देते। ट्रंप के इस बड़बोले रवैये के बाद भारत सरकार के सूत्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों की हवा निकाल दी। अमेरिका के राष्ट्रपति की पोल खोलकर रख दी गई। भारतीय सूत्रों ने इस दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी नेताओं से किसी भी बातचीत में व्यापार का जिक्र तक नहीं आया।

सूत्रों के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 9 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी, लेकिन तब व्यापार का कोई जिक्र नहीं था। इसी तरह विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने 8 और 10 मई को विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। तब भी ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। फिर 10 मई को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात की, लेकिन इन सभी चर्चाओं में व्यापार का मुद्दा शामिल नहीं था।

### भारत–पाक तनाव के कारण बंद किए गए 32 हवाईअड्डों को फिर से चालू करने की तैयारी

**मुंबई :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने सोमवार को घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के मद्देनजर पिछले सप्ताह अस्थायी रूप से बंद किए गए 32 हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ान परिचालन फिर से शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के कारण श्रीनगर और अमृतसर सहित उत्तर तथा पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों से नागरिक उड़ान परिचालन नौ मई से 15 मई तक निलंबित कर दिया गया था। शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमति बनी थी।

## पाकिस्तान से जुड़े हैकरों ने भारतीय वेबसाइटों पर 15 लाख साइबर हमले किए

**मुंबई :** महाराष्ट्र साइबर ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत भर में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की वेबसाइटों को निशाना बनाकर 15 लाख से अधिक साइबर हमले करने के लिए जिम्मेदार सात उन्नत स्थायी खतरा (एपीटी) समूहों की पहचान की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनमें से हैकर केवल 150

**केवल 150 ही सफल**

हमलों में ही सफल रहे। अधिकारियों ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच एक–दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति के बाद भी भारत सरकार की वेबसाइट को पड़ोसी देश के साथ–साथ बांग्लादेश और पश्चिम एशियाई देशों से साइबर हमलों का सामना करना पड़ रहा है। महाराष्ट्र साइबर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों के साथ बातचीत में उन दावों को खारिज किया कि हैकर ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आंकड़ों की चोरी की है, विमानन और नगर निगम प्रणालियों को हैक किया है और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट को निशाना बनाया है।

### अमेरिका, चीन में अधिकतर शुल्क पर 90 दिन की रोक लगाने पर सहमति

**जेनेवा :** अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक–दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी। इससे शेयर बाजारों में उछाल आया है क्योंकि विश्व की दो प्रमुख आर्थिक शक्तियों ने टकराव से एक कदम पीछे हटा लिया जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर हो गई थी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क दर का 115 प्रतिशत घटाकर 30 प्रतिशत करने पर, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को भी इतना की कम कर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है। ग्रीर और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने जेनेवा में संवाददाता सम्मेलन में शुल्क कटौती की घोषणा की।

## देश के कवच को नहीं भेद सकी चीन में बनी मिसाइल, तुर्की के ड्रोन और पाकिस्तान वायुसेना का मिराज




**नई दिल्ली :** सोमवार की डीजीएमओ ने बताया कि, पाकिस्तान ने भारत को निशाना बनाने के लिए चीन निर्मित मिसाइलों और तुर्किए के बने हथियारों का भारत के खिलाफ उपयोग किया है।

**भारत के खिलाफ पाकिस्तान ने पीएल–15 मिसाइल का किया था इस्तेमाल**

डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि 'पाकिस्तान द्वारा चीन में बनी पीएल–15 मिसाइल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन वह भी निशाना नहीं साध पाई और हमारे एयर डिफेंस ने उसे इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि उसका मलबा हमारे सशस्त्र बलों ने बरामद किया है।' एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि लॉन्ग रेंज रॉकेट, अनमैन्ड एरियल सिस्टम का भी पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किया गया, जिन्हें भी हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बड़ी संख्या में ड्रोन्स और अनमैन्ड कॉम्बैट एरियल व्हीकल्स से हमले की कोशिश की गई, लेकिन उन्हें भारत के स्वदेशी सॉफ्ट एंड हार्ड किल काउंटर यूएएस सिस्टम और शानदार प्रशिक्षित एयर डिफेंस सैनिकों ने तबाह कर दिया।

**मिराज को किया ढेर**

भारत ने सोमवार को पुष्टि की कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक पाकिस्तानी मिराज लड़ाकू विमान मार गिराया गया था। भारतीय सेना की तरफ से शेयर किए गए एक वीडियो में पाकिस्तानी मिराज का मलबा देखा जा सकता है।

### हमारे सभी सैन्य अड्डे, प्रणालियां पूरी तरह चालू हैं: भारतीय वायु सेना

एयर मार्शल भारती, सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणाली ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने के पाकिस्तान के प्रयासों को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया।




# भारत का सिंदूरी संदेश



प्रो.बीना राय

अप्रैल 22 का पहलगाम में आतंवादियों द्वारा छब्बीस निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या से भारत को अस्थिर करने की पाकिस्तान और मौलाना मुनीर की दुरभि नीति का नए भारत ने जिस चटख नीति वाले ऑपरेशन सिंदूर से उत्तर दिया है उसने नए भारत का नया संदेश पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है। आतंकी हमले के बाद विदेशी दौरा छोड़कर वापस भारत लौटे प्रधानमंत्री की एयरपोर्ट पर उतरने के बाद जिस भाव भंगिमा के साथ तस्वीरें आईं उसने भारत के कड़े और मजबूत निर्णय और कार्यवाही का संदेश दे दिया। छः/सात मई की रात्रि में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लांच करते हुए पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किये जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए और आतंक का ढांचा नष्ट किया गया।।उनके आतंकी ठिकानों और लांच पैड तबाह किये गए।इसमें बेहद हाई वैल्यू टारगेट को खत्म किया गया। चीनी एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाते हुए भारत ने अपना निर्धारित टारगेट हिट किया। सिंदूर के रंग की तरह साफ संदेश देने के लिए दो महिला सैन्य अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को भेजा।इसके बेहद गहरे अर्थ थे जिसने वैश्विक संदेश दिया।भारतीय जनभावनाओं का प्रकटीकरण करते हुए भारतीय वायुसेना ने बेहद प्रोफेशनल तरीके से सटीक आक्रमण किये और आक्रमण को आतंकी ठिकानों तक सीमित रखा। इसके बाद पाकिस्तान द्वारा अगले दो दिन में किये गए हमलों को बेहद सधे तरीके से न्यूट्रल किया।सेना ने बताया कि उनको किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है और उनका एयर डिफेंस सिस्टम सारे हमलों को रोकने में कामयाब रहा है। फिर नौ/दस मई की रात्रि को पाकिस्तान के3 ग्यारह सबसे महत्वपूर्ण सैन्य एयरबेस पर सटीक निशाना साधते हुए तबाह किया। इन दोनों कार्यवाहियों से स्पष्ट तौर पर भारत ने स्पष्ट तौर पर पाकिस्तान के ऊपर अपनी सैन्य और तकनीकी श्रेष्ठता निर्धारित की।यह श्रेष्ठता सिंदूरी रंग की तरह साफ था।

भारत द्वारा स्थापित इस श्रेष्ठता के स्पष्ट और प्रामाणिक साक्ष्य भारतीय DGMO ने अपने प्रेस कांफ्रेंस में रख कर दुनिया को बता दिया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान को तीन दिन में घुटने पर ला दिया।अपने सर्वाधिक सुरक्षित एयरबेस पर हुए आक्रमण से भौचक्क पाकिस्तान ने तुरंत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद गुहार लगाई। उधर भारत संघर्ष शुरू होने के पूर्व हीं असैन्य और कूटनीतिक मोर्चे पर पाकिस्तान को पीछे धकेल चुका था। घुटनों पर आए पाकिस्तान ने वैश्विक शक्तियों से गुहार लगाई और फिर मामला संघर्ष विराम की दिशा में आगे बढ़ा।



ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से निःसंदेह भारत ने सैन्य, कूटनीतिक और तकनीकी श्रेष्ठता हासिल की है। भारत की वैश्विक छवि एक जिम्मेदार और सुदृढ राष्ट्र के रूप में मजबूत हुई है। सबसे पहले तो भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद को भारत अपने विरुद्ध युद्ध मानता है और उसके विरुद्ध मजबूत और निर्णायक कार्यवाही करेगा। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट स्ट्राइक से आगे भारत ने सीमापार पाकिस्तान के मेनलैंड पाकिस्तानी पंजाब में निर्णायक और सटीक आक्रमण किया और आतंकवादियों और उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। यह आतंकवदियों और सीमा पार के उनके आकाओं को स्पष्ट संदेश था कि सीमा पार आतंकवाद पर भारत अब हमेशा निर्णायक प्रहार करेगा और ये अधिकार अब भारत राष्ट्र के पास सुरक्षित है।भारत ने लगभग सभी वैश्विक शक्तियों को यह संदेश पूर्व में ही दे दिया था। भारत ने तो वैसे ही 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक करके सॉफ्ट स्टेट का चोला उतार फेंका था लेकिन इसबार की सिंदूरी स्ट्राइक ने इसका रंग और गहरा करते हुए पाकिस्तान और दुनिया के सामने भारत की दृढ़ सीमा रेखा को खींच दिया।स्पष्ट है भारत की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति है और इसपर भारत हर बार निर्णायक कार्यवाही करेगा और फिर इसका कोई हद नहीं रहेगा। भारतीय ने ये संदेश स्पष्ट शब्दों में दिया **याचना नहीं अब रण होगा और फिर ये भी कि भय बिनु होय न प्रीत**

दूसरे पाकिस्तान के सर्वाधिक महत्वपूर्ण और सुरक्षित ग्यारह एयरबेस पर आक्रमण कर भारत ने संदेश दे दिया कि हम पूरे पाकिस्तान पर अपनी पहुंच रखते ही और उनमें परमाणु ठिकाने भी हैं। जिस नूर खान बेस को पाकिस्तान का सर्वाधिक सुरक्षित एयरबेस माना जाता था उसे भारत ने तबाह किया।ये एयरबेस पाकिस्तानी सेना मुख्यालय रावलपिंडी में है जोकि पाकिस्तानी राजधानी इस्लामाबाद के पास है।यहां हमले के दौरान भारतीय वायुसेना ने बेहद उच्च स्तरीय और प्रोफेशनल तरीके से सटीक निशाने के साथ टार्गेट पर फोकस किया।

तीसरे भारत ने दिखाया कि अब ऐसे आतंकी हमलों पर उसकी कार्यवाही हर क्षेत्र में होगी। भारत ने सिंधु जल समझौता स्थगित किया जोकि दीर्घकालिक रूप में बड़ा निर्णायक स्टेप है। भारत ने दिखाया कि वह आतंकी हमला होने पर कोई दया नहीं दिखायेगा।उधर व्यापार प्रतिबंध,बंदरगाह प्रतिबंध और घेराबंदी, व्यापार प्रतिबंध जैसे कदम उठाकर भारत ने यह दिखा दिया कि हम पाकिस्तान को उसी भाषा मे उत्तर देंगे जोकि उसे समझ मे आती है। चौथे, भारत ने अपनी मजबूत और एकात्मक भारतीय राष्ट्र और समाज की छवि दुनिया के सामने रखी।पाकिस्तान द्वारा धार्मिक आधार पर किये आतंकी हमले को भारत मे धार्मिक विभाजन का आधार बनाने का भारत ने एकीकृत उत्तर दिया। एक राष्ट्र के तौर पर हमने दिखाया कि राष्ट्रीय हित के मुद्दे पर हम सब एक हैं।पाकिस्तान की धार्मिक विभाजन की नीति की हमने धज्जियां उड़ा दी। भारत जैसा खुला और लोकतांत्रिक समाज की इस मुद्दे पर व्यापक एक जुटता ने न केवल पाकिस्तान और मौलाना मुनीर का मंसूबा फेल किया बल्कि पूरी दुनिया को संदेश दिया। पांचवे भारत ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर वह परिपक्क और जिम्मेदार देश है। उसका उद्देश्य युद्ध नहीं है बल्कि सीमा पार आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार है। यह आतंकवाद के विरुद्ध जंग है यह जंग जारी रहेगी। आतंकवाद से निपटने के लिए भारत कोई सीमा नहीं देखेगा।

हालांकि पाकिस्तान पर व्यापक बढ़त के बाद सीजफायर के लिए सहमत होने पर कहीं कहीं नाराजगी है लेकिन यह समझना होगा कि भारत ने यहां भी कूटनीतिक बढ़त ली है और यह स्थापित कर दिया है कि भारत युद्ध का नहीं बुद्ध का देश है। युद्ध हमारा लक्ष्य नहीं है लेकिन अगर हमारी भूमि पर आतंक करोगे तो हम उसे युद्ध मानेंगे। यह भी हम एक जिम्मेदार और परिपक्क लोकतंत्र है जोकि अंतरराष्ट्रीय मान्यताओं के प्रति सहमत हैं।

जहां तक सीजफायर पर भारतीय जनमानस के कुछ असहमति का प्रश्न है तो हमे ध्यान रखना होगा कि हमारा लक्ष्य आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई है और उसे ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्राप्त किया गया है, जैसा कि भारतीय सेना द्वारा प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया है।हमने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि भारत मे किसी भी तरह के आतंकवाद की कार्यवाही को भारत के विरुद्ध युद्ध माना जायेगा।

अपने निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लेने पाकिस्तान और उसके आतंकवादियों के ठिकानों और सैन्य ठिकाओं को तबाह करने और आतंकवाद पर अपनी नीति स्पष्ट कर देने के बाद वैश्विक स्तर पर भारत की छवि आउर अधिक मजबूत और दृढ़ हुई है।पूरे विश्व ने देखा कि हम कितने लोकतांत्रिक और प्रोफेशनल हैं।

हमे यह ध्यान रखना होगा कि हमारे इन मजबूत निर्णयों के पीछे मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति , सक्षम, तकनीकी रूप से दक्ष प्रोफेशनल सेना और सधी कूटनीति के साथ हमारी आर्थिक समृद्धि और विकास का भी योगदान है।हमे अपने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के बाद अपना ध्यान फिर से मजबूत आर्थिक विकास की ओर लगाना चाहिए। सीजफायर के अगले दिन सेंसेक्स में भारी बढ़त ने इस ओर इशारा भी कर दिया।

भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में स्पष्ट सिंदूरी संदेश दे दिया है कि हम आतंकवाद के विरुद्ध हर लड़ाई को अपनी नीति और अपने तरीके से अंजाम तक पहुंचाएंगे। सेना ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वो अभी भी तैयार हैं। भारत की भूमि पर आतंकवायद भारत के विरुद्ध युद्ध है और आतंकवाद के विरुद्ध हमारी नीति की सुर्ख सिंदूरी रेखा हमने खींच दी है, सुर्ख सिंदूरी संदेश हमने दे दिया है।

प्रोफेसर, अंतर्राष्ट्रीय संबध राजनीति विज्ञान
प्राचार्या अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज लखनऊ

## अपनी शर्तों पर ही शांति की पहल

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना–नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन–सिंदूर' की कामयाबी से बौखालए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज़ फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज़ फायर पर सहमति जतायी। साथ ही साफ किया कि भविष्य में कोई आतंकी घटना देश में होती है तो उसे युद्ध के तौर पर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। सीज़ फायर के लिये प्रयास कर रहे अमेरिका को भी यह स्पष्ट कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर विपक्ष लगातार कहता रहा कि इस मामले में तीसरे देश की भूमिका कतई स्वीकार नहीं की जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति के कश्मीर में मध्यस्थता के कथन को भी सिरे से खारिज किया गया।

उल्लेखनीय है कि न्यूयार्क टाइम्स की एक खबर के अनुसार प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी स्रुक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है। भारतीय सेनाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसकी मिसाल है। आधुनिक तकनीक व मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के बूते भारत पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों व प्रतिरक्षा प्रणाली को करारी चोट देने में सफल हुआ। पाक को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं उसके मित्र तुर्की व चीन द्वारा दिए गए हथियारों, ड्रोन व प्रतिरक्षा प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने नेस्तनाबूद कर दिया। हमने दुनिया को बताया कि हम अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। वहीं यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद–हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर होगा। हालांकि, शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज़ फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत–पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।

## बांग्लादेश ने संशोधित आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाया

**ढाका/नयी दिल्ली :** बांग्लादेश ने सोमवार को एक राजपत्रित अधिसूचना जारी कर रातों–रात संशोधित किये गये आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी की सभी गतिविधियों पर आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लगा दिया। गृह मंत्रालय के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया, 'गृह मंत्रालय ने आज अवामी लीग, इसके सभी सहयोगी और उससे सहानुभूति रखने वाले संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने वाली राजपत्र अधिसूचना जारी की है।' गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार अवामी लीग और उसके संबद्ध संगठनों पर आतंकवाद विरोधी अधिनियम 2025 के तहत तब तक प्रतिबंध लगा दिया गया है जब तक कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी–बीडी) उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई पूरी नहीं कर लेता। अधिकारी ने कहा कि संशोधित कानून की धारा 18 सरकार को यह अधिकार देती है कि वह किसी भी व्यक्ति या संगठन को उचित आधार पर आतंकवाद में संलिप्त पाये जाने पर प्रतिबंधित संगठन घोषित कर सकती है। वर्ष 2009 के मूल आतंकवाद–रोधी अधिनियम में इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान नहीं था। पिछले वर्ष एक छात्र मंच द्वारा आयोजित सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सैकड़ों लोगों की मौत के मामले में अवामी लीग के नेताओं पर मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप लगाया गया था।

# क्या चाहिए : युद्ध या शांति?



डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय

जब भी यह मूल प्रश्न सामने आता है कि हमें युद्ध चाहिए या शांति, तो एक विवेक–शील, संवेदनशील और भविष्यदर्शी समाज का उत्तर स्पष्ट होता है – शांति। युद्ध केवल विनाश, पीड़ा और अस्थिरता लाता है, जबकि शांति स्थायित्व, विकास और मानवीय गरिमा की दिशा में पहला कदम होती है। आज के वैश्विक परिदृश्य में, जब युद्ध का अर्थ केवल सीमा पर लड़ाई नहीं, बल्कि आर्थिक, डिजिटल, साइबर और वैचारिक मोर्चों पर भी होता है, तब शांति की महत्ता पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है।

भारत और पाकिस्तान जैसे परमाणु शक्ति–संपन्न देशों के बीच युद्धविराम की ताज़ा सहमति इस दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है। यह समझौता केवल सीमा पर गोलीबारी रोकने का दस्तावेज नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया में स्थायित्व और समावेशी विकास की उम्मीद का संचार करता है। हालाँकि, यह भी ज़रूरी है कि इस पहल के पीछे छिपे राजनीतिक, कूटनीतिक और भू–राजनीतिक उद्देश्यों का भी सूक्ष्म विश्लेषण किया जाए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से भारत–पाकिस्तान युद्धविराम की घोषणा प्रथमदृष्टया सकारात्मक प्रतीत होती है। किंतु, अमेरिका की विदेश नीति इतिहास में प्रायः स्वार्थसिद्धि और सामरिक लाभ की दृष्टि से संचालित रही है। दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकना, अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के बाद शक्ति संतुलन बनाए रखना और व्यापारिक हितों की रक्षा करना – ये कुछ ऐसे कारण हो सकते हैं जिन्होंने अमेरिका को यह हस्तक्षेप करने के लिए प्रेरित किया हो।

भारत ने स्वतंत्रता के बाद से ही पंचशील और अहिंसा को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है। वह किसी भी राष्ट्र के विरुद्ध युद्ध की प्रवृत्ति नहीं रखता, लेकिन उसकी सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है। पाकिस्तान के साथ हुए समझौतों का इतिहास बताता है कि जब–जब विश्वासघात हुआ है, भारत ने संयम के साथ परंतु सशक्त उत्तर भी दिया है। अतः शांति की दिशा में वास्तविक प्रगति तभी होगी जब पाकिस्तान आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाए, घुसपैठ रोके और द्विपक्षीय विश्वास को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए।

यह भी सोचने की आवश्यकता है कि क्या वैश्विक शक्तियाँ, विशेषकर अमेरिका, शांति को एक दीर्घकालिक लक्ष्य के रूप में देखती हैं या केवल अपने रणनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम? क्या यह 'शांति' भविष्य में एक सॉफ्ट टकराव का परदा बन सकती है, जहाँ दोनों देश सतह पर शांत प्रतीत हों लेकिन अंदरूनी स्तर पर संघर्ष, अस्थिरता और वैचारिक विभाजन बना रहे?

इतिहास साक्षी है कि युद्धों ने न केवल भूगोल बदले हैं, बल्कि पीढ़ियों को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से तोड़ा है। द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर कारगिल तक, हर युद्ध ने एक पीड़ा दी है, एक पीढ़ी छीनी है, और सभ्यता को पीछे धकेला है। युद्ध न तो कभी अंतिम समाधान रहा है, न ही भविष्य में हो सकता है।

अब समय आ गया है कि भारत और पाकिस्तान, दो पड़ोसी राष्ट्र, अपने अतीत की कटुता को पीछे छोड़कर एक साझा भविष्य का निर्माण करें – ऐसा भविष्य जो सीमाओं की गोलियों से नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, सांस्कृतिक मेलों और आर्थिक गलियारों से सुसज्जित हो। साझा पर्यावरणीय संकट, बेरोज़गारी, शिक्षा का संकट, और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे विषय दोनों देशों के लिए समान चुनौती हैं। यदि दोनों देश इन साझा समस्याओं पर सहयोग करें, तो न केवल उनका आपसी संबंध सुधरेगा, बल्कि दक्षिण एशिया की वैश्विक छवि भी सशक्त होगी।

युद्ध विराम केवल एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उसे एक स्थायी, व्यावहारिक और विश्वसनीय समाधान में परिवर्तित करना ही समय की मांग है। शांति को अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता के रूप में स्वीकार करना होगा। यह न केवल राष्ट्रों के लिए, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए आवश्यक है। शांति का मार्ग कठिन हो सकता है, लेकिन वही हमें स्थायित्व, समृद्धि और सामाजिक समरसता की ओर ले जाएगा। विश्वास मानिए यही समय की मांग है, यही मानवता की पुकार है। जय हिंद!

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 मई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 24:35 तक, नक्षत्र : विशाखा, 09:01 तक, योग : वरीघा, 05:45 तक, सूर्योदय: 4:57, सूर्यास्त: 18:09, चन्द्रोदय : 18:53, चन्द्रास्त: 04:58, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 14:48 से 16:26

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। किसी सरकारी क्षेत्र में अपार सफलता मिलेगी, लेकिन यदि आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें कोई गड़बड़ी अवश्य होगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को कार्यक्षेत्रमें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए आप मेहनत भी अधिक करेंगे। भागदौड़ लगी रहेगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो उसमें आपके परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके कामकाज में वृद्धि होगी। कोर्ट–कचहरी से संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी। आप अपनी किसी बात को गुप्त रखें।

**कन्या :** आज आपको अपने ईषालु और झगड़ालू शत्रुओं से सावधान रहना होगा। आज आपकी पद–प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बन सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका बेवजह खर्च होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दिखावे के चक्कर में पड़कर कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना होगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। कारोबार के सिलसिले में आप छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। अध्यात्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा, क्योंकि आप अपने साथी की बातों को पूरा महत्व देंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए करियर में अच्छा अवसर लेकर आने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको घर में सुख–शांति बनाए रखने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर काम करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

## विदेश की खबरें

### चीन ने पाकिस्तान को हथियारों से भरा मालवाहक विमान भेजने की खबरों का खंडन किया

**बीजिंग :** चीन की सेना ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया कि उसके सबसे बड़े सैन्य मालवाहक विमान ने पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति की है और ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स (पीए–लएएफ) ने इस बात से इनकार किया है कि उसके शीआन वाई–20 सैन्य परिवहन विमान ने पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति की है। चीनी रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि इंटरनेट पर 'वाई–20 द्वारा पाकिस्तान को राहत सामग्री पहुंचाने' के बारे में काफी सूचनाएं देखने के बाद, वायु सेना ने एक बयान में कहा कि इस तरह के दावे झूठे हैं। पीएलएएफ ने गलत जानकारी से संबंधित कई फोटो और शब्दों के स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किए तथा प्रत्येक स्क्रीनशॉट को लाल रंग से 'अफवाह' लिख कर चिह्नित किया गया। रिपोर्ट में कहा गया, 'इंटरनेट कानून से परे नहीं है। जो लोग सैन्य–संबंधी अफवाहें फैलाते हैं, उन्हें कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा।' पीएलए के पाकिस्तानी सेना के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। पीएलए द्वारा किया गया यह खंडन महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि दो दिन पहले ही भारत और पाकिस्तान के बीच सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयां रोकने पर सहमति बनी थी। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है।

### म्यांमा में स्कूल पर हवाई हमले में छात्रों समेत 22 लोगों की मौत

**बैंकॉक :** म्यांमा की सेना ने सोमवार को देश के सागाइंग क्षेत्र के एक स्कूल पर हवाई हमला किया, जिसमें 20 छात्रों और दो शिक्षकों की मौत हो गई। यह जानकारी एक प्रतिरोध समूह के सदस्यों, सहायता कार्यकर्ताओं और मीडिया की खबरों से मिली। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के तबायिन कस्बे के ओहे हतेइन ट्विन गांव (जिसे डेपायिन के नाम से भी जाना जाता है) में सुबह हुए हमले में कई छात्र घायल हो गए। न तो सैन्य सरकार और न ही सरकार–नियंत्रित मीडिया ने कथित हवाई हमले के बारे में जानकारी जारी की है। सेना ने अपने शासन के खिलाफ व्यापक सशस्त्र संघर्ष को रोकने के लिए हवाई हमलों में बढ़ोतरी की है। फरवरी 2021 में आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट करने के बाद से म्यांमा में सेना सत्ता पर काबिज है। गैर–सरकारी संगठनों द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, सेना के सत्ता में आने के बाद से अब तक सुरक्षा बलों द्वारा 6,600 से अधिक नागरिकों की हत्या की जा चुकी है। सेना के शासन के खिलाफ लड़ने वाले प्रतिरोध समूह 'व्हाइट डेपेयिन पीपुल्स डिफेंस फोर्स' के एक सदस्य ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि एक लड़ाकू विमान ने स्कूल पर बम गिराया। यह इलाका म्यांमा के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से लगभग 115 किलोमीटर उत्तर–पश्चिम में है। हमले के स्थल पर पीड़ितों की मदद के लिए पहुंचे प्रतिरोध समूह के लड़ाकों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल पर हुए हमले में 20 छात्र और दो शिक्षक मारे गए तथा करीब 50 घायल हो गए। आसपास के तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए। इस स्कूल का संचालन देश के लोकतंत्र समर्थक संगठनों द्वारा किया जाता है।

## वर्ग पहेली नं. 3090

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | ■ | | ■ | 10 | ■ | |
| | ■ | 11 | 12 | 13 | | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | 16 | | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| ■ | | ■ | 21 | | ■ | 22 | | 23 | |
| 24 | | 25 | ■ | 26 | 27 | | ■ | | ■ |
| 28 | | | | ■ | | ■ | 29 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) सरलता, 2) हीलहुज्जत, 3) एक संख्या, 4) प्रत्येक, 5) कर्ता; मालिक, 6) वषमिघ, 10) स्पष्टवादी, 12) ध्वनि, 13) *डैसिमल* (अंकगणित), 15) शक्ति, 16) परवशता, 17) निपटारा, 20) अभिमान, 23) गणेश, 24) नामस्मरण, 25) डोंगा, 27) मूठ; गुच्छा. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) ज़मीन के अंदर बना रास्ता, 3) कुश्ती, 7) निशाचर, 8) मुखस्राव, 9) महानता, 11) ग्रीवा, 14) एक इतिहासकालीन बादशहा, 16) परतंत्र, 17) संपूर्ण, 18) अत्यंत नीच और पापी, 19) भीड़भाड़, 21) प्राकृतिक जलाशय, 22) खानेपीने का संयम, 24) समझना, 26) मुँह, 28) पेड़ के गिरे हुए सूखे पत्ते, 29) असहाय.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | भ | व | ■ | मा | मू | ली | ■ | ह |
| नु | ■ | ■ | सा | मा | न्य | ■ | ची | प | ड़ |
| मो | ह | क | ■ | प | ता | का | ■ | ■ | ता |
| द | ■ | व | र | ना | ■ | य | ■ | बे | ल |
| न | स | ल | ■ | ■ | च | म | क | ना | ■ |
| ■ | म | ■ | का | बु | ल | ■ | स | मी | प |
| आ | य | व्य | य | ■ | ती | त | र | ■ | र |
| र | ■ | स | र | सों | ■ | न | ■ | मं | च |
| जू | ठ | न | ■ | ठ | ग | ना | ■ | दा | म |

## सुडोकू-पहेली-3047

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 7 | | |
| 6 | | | 2 | | | | 4 | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | 1 | 6 | | 5 | | 2 |
| | 3 | | | | | 8 | 7 | |
| | | | | | 4 | | | 3 |
| | | 1 | 9 | | | | | |
| | | | | 7 | 1 | | | |
| | | | | | 5 | | | 8 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3046 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 1 | 3 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 |

# शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल सरकार पर निर्दोष हिंदू युवकों को गिरफ्तार करने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य सरकार पर वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में निर्दोष हिंदू युवकों को परेशान करने और गिरफ्तार करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंसा के पीछे असली अपराधी – 'जिहादी तत्व' – को खुलेआम घूमने दिया गया है। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में दावा किया कि 11-12 अप्रैल की अशांति के दौरान हिंदुओं पर हुए अत्याचार के खिलाफ कथित तौर पर बोलने पर धुलियान, सुती और शमशेरगंज क्षेत्रों में हुई हिंसा के सिलसिले में हाल में दो निर्दोष युवकों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों को परेशान किया जा रहा है और मुंह खोलने के कारण हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धुलियान-शमशेरगंज क्षेत्र के अधिकतर हिंदू युवक अपने घर छोड़कर भाग गए हैं। क्या यह विश्वास करने योग्य है कि जो हिंदू इन क्षेत्रों में अल्पसंख्यक हैं, जनसंख्या का मात्र 18 से 20 प्रतिशत हैं, वे आगजनी, लूट और बर्बरता में लिप्त हो सकते हैं? भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि हिंदुओं को अनुचित तरीके से



निशाना बनाया जा रहा है, जबकि आगजनी, लूटपाट और यहां तक कि हत्या के मुख्य अपराधियों को अब तक नहीं पकड़ा गया है। उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार को कथित उत्पीड़न बंद करने अन्यथा भाजपा द्वारा जिलाव्यापी आंदोलन का सामना करने की चेतावनी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी गिरफ्तार युवकों को कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराएगी। अपने पहले के दावों को दोहराते हुए विपक्ष के नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता ने मुर्शिदाबाद की अपनी यात्रा के दौरान 'सबसे अधिक प्रभावित नौ स्थानों का दौरा नहीं किया' और शमशेरगंज के बेतबोना गांव का दौरा करने से परहेज किया, जहां विस्थापित हिंदू परिवार उनका ध्यान आकर्षित करना चाहते थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि उन्होंने (ममता ने) खुद को एक प्रशासनिक भवन और एक पुलिस शिविर तक सीमित कर लिया। उन्होंने बेलडांगा स्थित भारत सेवाश्रम संघ आश्रम के बाहर से पुलिस सुरक्षा कथित रूप से हटा लेने की भी आलोचना की और दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि आश्रम के साधु कार्तिक महाराज ने मुर्शिदाबाद दंगों से निपटने के राज्य के तरीके की बार-बार आलोचना की थी और 'जिहादियों' द्वारा हिंदुओं पर हमलों को उजागर किया था। सीमापार से घुसपैठ के मुद्दे पर शुभेंदु ने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ सहयोग न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले दिन से ही राज्य सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर कई स्थानों पर बीएसएफ शिविर स्थापित करने के लिए जमीन देने से इनकार कर दिया। राज्य अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है।

**❑ 'जादवपुर विवि व अलीमुद्दीन स्ट्रीट की सफाई के लिए असम से ब्लीचिंग लाने की जरूरत'**

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय की सफाई के लिए असम से ब्लीचिंग और फिनाइल मंगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि असम नजदीक है, हम वहां से ब्लीचिंग और फिनाइल लाएंगे। वहां ब्लीचिंग फिनाइल अच्छा है। पहले हम जादवपुर विवि को साफ करेंगे, फिर अलीमुद्दीन स्ट्रीट को ब्लीचिंग से साफ करेंगे। जब शुभेंदु से पूछा गया कि इंदिरा गांधी के बाद अब नरेन्द्र मोदी की तुलना भी भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम पहल के लिए प्रधानमंत्री के रूप में की जा रही है। इस संदर्भ में, उन्होंने ने कहा कि विपक्षी पार्टी के लोग भी ऐसा नहीं कह रहे हैं, लेकिन उनमें से कई जादवपुर मानसिकता (वामपंथी विचारधारा) का अनुसरण कर रहे हैं। शुभेंदु ने कहा कि आप जादवपुर विवि में वंदे मातरम नहीं गा सकते।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों को दी बधाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि राज्य सरकार पश्चिम बंगाल की बौद्ध विरासत संजो कर रखने और उसके संरक्षण के लिए सक्रिय रही है। ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मैं बुद्ध पूर्णिमा पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। हमारी सरकार बंगाल की बौद्ध विरासत को संजो कर रखने और उसके संरक्षण के लिए हमेशा सक्रिय रहती है। राजभवन ने एक बयान में कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर, राज्यपाल ने सभी भाइयों और बहनों को बधाई दी और सद्भाव की कामना की। भगवान बुद्ध के उपदेश हमें शांति, करुणा और ज्ञान की ओर ले जाएं।

## भारत-पाक तनाव के बीच बंगाल भाजपा ने स्थगित किए पार्टी कार्यक्रम, सशर्त तिरंगा यात्रा

### बिना पार्टी झंडों के जुलूस निकाले जाएंगे, नारे पर सख्त प्रतिबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगांव में आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर। सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करके सफलता हासिल की। भारतीय धरती पर 26 निर्दोष लोगों की जान जाने का बदला लेने के लिए किए गए इस जवाबी हमले में पाकिस्तान व्यावहारिक रूप से असमंजस में है। विशेष रूप से, उस देश में अधिकांश आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया गया है। भाजपा ने भारतीय सेना को ऐसी सफलता पर बधाई देने के लिए एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। लेकिन वह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। कहा गया है कि यद्यपि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम हो गया है, लेकिन स्थिति अभी भी पूरी तरह से सामान्य नहीं हुई है। इसलिए अभी कोई राजनीतिक अभियान नहीं है, न ही सेना को बधाई देने का कोई कार्यक्रम है। इससे देशवासियों में गलत संदेश जा सकता है। भगवा खेमे ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई देने के लिए सभा पर आधारित जुलूस कार्यक्रम की योजना बनाई थी। लेकिन अचानक सब कुछ स्थगित हो गया। प्रदेश भाजपा ने बताया है कि सेना को बधाई देने वाला विधानसभा स्तरीय जुलूस फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह निर्देश रविवार को पार्टी समूह को दिया गया। फिलहाल राजनीतिक कार्यक्रम स्थगित किये जा रहे हैं। हालांकि, केंद्रीय नेतृत्व ने कहा है कि विशेष परिस्थितियों में तिरंगा यात्रा आयोजित की जा सकती है। बताया गया है कि तिरंगा यात्रा सिटिजंस फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले निकाली जाएगी। बताया जा रहा है कि यह निर्देश भाजपा की केंद्रीय समिति की ओर से आया है। सभी को, चाहे वे किसी भी पार्टी से जुड़े हों, राष्ट्रीय ध्वज लेकर तथा देशभक्ति के गीत बजाते हुए तिरंगा जुलूस में भाग लेना चाहिए। वहां कोई भाजपा का झंडा नहीं होगा, न ही 'जय श्री राम' का नारा लगेगा। लेकिन हम 'मोदी जिंदाबाद' तो कह सकते हैं।

## कर्नल सोफिया कुरैशी ने कोलकाता में अपने कार्यकाल के दौरान स्टूडेंट्स पर छोड़ी अमिट छाप

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में देश को जानकारी देने वालीं कर्नल सोफिया कुरैशी राज्य में हजारों छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत रही हैं। पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने बताया कि 2022 में कोलकाता के फोर्ट विलियम में तैनात सोफिया कुरैशी ने निगम द्वारा आयोजित एक वेबिनार के दौरान अपने खास मार्गदर्शन से युवाओं पर अमिट छाप छोड़ी। सलीम ने उस सेशन को याद करते हुए कहा कि कुरैशी भले ही अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की करियर मार्गदर्शन श्रृंखला के लिए मार्गदर्शक के रूप में वेबिनार में शामिल हुई थीं, लेकिन वह मंच से एक नायक के रूप में लौटीं। उस सत्र में छात्र और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर शामिल हुए थे। कुरैशी ने सेशन के दौरान श्रोताओं से कहा था कि मैं वैज्ञानिक बनना चाहती थी, लेकिन मैंने सेना में जाने का भी सपना देखा था, क्योंकि मेरे परिवार के कई सदस्य सेना में हैं, हालांकि पहले महिलाओं के लिए इसमें शामिल होने की कोई गुंजाइश नहीं थी। लेकिन जब प्रवेश का विकल्प आया, तो मैंने तुरंत इसमें शामिल होने का फैसला किया। लड़कियों समेत प्रतिभागियों से 'सकारात्मक रहने' का आग्रह करते हुए उन्होंने लोगों की बातों से हतोत्साहित न होने का आह्वान किया था। कुरैशी ने कहा था कि यदि आप सेना की वर्दी पहनना चाहते हैं, तो इसके लिए कड़ी मेहनत करें। प्रेरक वीडियो देखें, माता-पिता से चर्चा करें, लेकिन उन लोगों से दूर रहें जो आपको हतोत्साहित करेंगे, नकारात्मक बातें कहेंगे।

## मेदिनीपुर मेडिकल सलाईन कांड में चार महीने बाद एक और प्रसूता की मौत

**मेदिनीपुर/कोलकाता :** मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के सलाईन कांड में चार महीने से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही एक और प्रसूता की मौत हो गई। मृतका का नाम नासरीन खातून है, जिनका इलाज कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में चल रहा था। चिकित्सकों के अनुसार, लगातार डायलिसिस के कारण उनकी हालत बिगड़ती गई और रविवार की रात उनकी मौत हो गई। इस मौत के साथ ही इस विवादित सलाईन कांड में जान गंवाने वाली प्रसूताओं की संख्या दो हो गई है। उल्लेखनीय है कि घटना इस वर्ष गत 4 जनवरी की है, जब मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में पांच महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया था। इन महिलाओं में रेखा साव, मामणी



रुईदास, माम्पी सिंह, मीनारा बीबी और सबसे कम उम्र की नासरीन खातून थी। आरोप है कि इन्हें बच्चों के जन्म के तुरंत बाद एक्सपायर्ड रिंगर्स लैक्टेट सलाईन चढ़ाया गया, जिससे सभी बीमार पड़ गईं। इनमें से मामणी की तत्काल मौत हो गई थी, जबकि बाकी चार की हालत गंभीर हो गई थी। रेखा साव को छोड़कर अन्य तीन महिलाओं माम्पी, मीनारा और नासरीन को इलाज के लिए कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में रेफर किया गया। माम्पी और मीनारा इलाज के बाद ठीक होकर घर लौट गईं, लेकिन नासरीन की हालत लगातार नाजुक बनी रही। चार महीने तक उन्होंने अस्पताल में भर्ती रहकर जीवन की लड़ाई लड़ी। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में नासरीन की हालत में सुधार भी हुआ था और उन्हें आईसीयू से जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया था। लेकिन, गत 7 मई से उनकी तबीयत फिर से बिगड़ने लगी। अंततः, रविवार की देर रात उनकी मौत हो गई। इस घटना ने एक बार फिर से अस्पतालों में लापरवाही और सलाईन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नासरीन की मौत से उनका परिवार गहरे शोक में डूबा हुआ है।

## राज्य में तीन जेएमबी आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद खुफिया निगरानी तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में पिछले हफ्ते जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के तीन सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद राज्य और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने राज्य के संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। खासतौर पर, उन इलाकों में चौकसी बढ़ाई गई है, जहां पहले से आतंकी या कट्टरपंथी संगठनों के स्लीपर सेल सक्रिय रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जिन जिलों की बांग्लादेश से अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है, वहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसमें खासतौर पर अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद और मालदह जिलों पर फोकस किया गया है। इसके अलावा, बीरभूम, पूर्व बर्दवान और हुगली जैसे जिलों के कुछ अल्पसंख्यक बहुल इलाकों को भी इस निगरानी के दायरे में लाया गया है।

## हांसखाली में चार अवैध बांग्लादेशियों और एक भारतीय दलाल की गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के हांसखाली थाने की पुलिस ने चार अवैध बांग्लादेशियों और एक भारतीय दलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार की सुबह एक विशेष अभियान के तहत हांसखाली पुलिस ने चार बांग्लादेशी नागरिकों और एक भारतीय दलाल को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी हांसखाली रामनगर 2 पंचायत के पंडितपुर बाजार इलाके से की गई। पुलिस ने बताया कि ये चारों बांग्लादेशी नागरिक कुछ साल पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर गए थे और उत्तर 24 परगना के रास्ते चेन्नई और बेंगलुरु चले गए थे। हालांकि, सुबह ये लोग हांसखाली पुलिस थाना क्षेत्र में पहुंचे थे और भारतीय दलालों



की मदद से अवैध रूप से बांग्लादेश लौटने की योजना बना रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मोहम्मद शकील शेख, तुली बेगम, शिउली बेगम और सुमोन मिया हैं, जो बांग्लादेश के फेनी, बारीसाल और खुलना जिलों के निवासी हैं। वहीं, गिरफ्तार भारतीय दलाल शुभंकर दलपति उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर इलाके का निवासी है। पुलिस ने सभी आरोपियों को राणाघाट अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। अब पुलिस आगे की जांच कर रही है, और इस मामले में और गिरफ्तारियाँ होने की संभावना जताई जा रही है।

## डोमजूर में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में दो गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के डोमजूर पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी डोमजूर थाना अंतर्गत बस स्टैंड नंबर 57 इलाके से की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों युवकों पर सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के झंडे सहित विभिन्न राष्ट्रविरोधी पोस्ट करने का आरोप है। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट्स साझा की थीं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की एकता को खतरे में डालने वाली थीं। फिलहाल, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस मामले में आगे की जांच जारी है। इस गिरफ्तारी के बाद डोमजूर पुलिस ने चेतावनी दी है कि वे ऐसे किसी भी राष्ट्रविरोधी गतिविधि में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

### बांकुड़ा में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में एक गिरफ्तार, 10 दिन की पुलिस हिरासत

**बांकुड़ा :** 'पाकिस्तान जिंदाबाद' सोशल मीडिया पर फैलाया गया। स्थानीय लोगों को देखने के लिए इलाके में रोष फैल गया। पुलिस ने थाने में लिखित शिकायत के आधार पर युवक को गिरफ्तार किया। यह सनसनीखेज घटना बांकुरा जिले के बाजोरा इलाके में हुई। गिरफ्तार युवक का असली घर चांदपुर, रघुनाथगंज, मुर्शिदाबाद में है। जब अदालत में लाया गया, तो न्यायाधीश ने उसे पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक युवक पेशे से फेरीवाला है। उनका मूल घर चांदपुर, रघुनाथगंज, मुर्शिदाबाद जिले में है।




लेकिन पिछले तीन साल से वह बांकुरा में काम कर रहा था। वह बाराजोरा में कॉलेज मोर से सटे इलाके में एक मकान में किराए पर रहता है। फेरीवाले अलग-अलग जगहों पर काम करते हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने ही सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लिखा था। हालांकि यह बताया जाता है कि युवक ने उस सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल दूसरे नाम से किया। यह नारे के बारे में जाना जाता था। प्रोफाइल पिक्चर पर नजर डालें तो देखा जा सकता है कि हॉकर यूथ ने ऐसा किया है। वह सोशल मीडिया अकाउंट चलता है। स्थानीय लोगों ने थाने में लिखित शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पहले उनसे पूछताछ की गई। उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। आरोपी को सोमवार को बांकुरा जिला न्यायालय ले जाया गया। जज ने युवक को 10 दिन पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया।

## मेरठ से कारोबारी का 34 लाख का सोना उड़ाने वाला कारीगर बंगाल से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेरठ की पुलिस ने पश्चिम बंगाल से देहलीगेट क्षेत्र से लगभग 34 लाख का सोना लेकर फरार होने के मामले में सोने के एक कारीगर को आज गिरफ्तार किया है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लगभग आठ दिन पहले एक यूपी के मेरठ स्थित देहलीगेट क्षेत्र से आठ दिन पहले सर्राफ का 230 ग्राम सोना लेकर कारीगर भाग गए थे। ऐसे में फरार हुए कारीगर को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से 179 ग्राम सोना बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 17 लाख रुपये आंकी गई है। लेकिन कारीगर 34 लाख का सोना लेकर फरार हुए थे। एसएचओ रमेश चंद शर्मा व हुगली जिले के स्थानीय सूत्रों की माने तो सिविल लाइन क्षेत्र के पूर्वा शेखलाल निवासी सर्राफा कारोबारी दिलीप सिंह की देहलीगेट के तेजाब मार्केट में दुकान है। उन्होंने कारीगर के रूप में पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के निवासी प्रवीर मंडल को रखा हुआ था। 28 अप्रैल को उन्होंने प्रवीर मंडल को 230 ग्राम सोना जेवर तैयार करने के लिए सौंपा। तय हुआ 6 मई तक वह जेवर तैयार कर लौटा देगा। तीन मई को जब वह काम की जानकारी लेने गए तो बंगाल का निवासी प्रवीर मंडल लापता था। घबड़ाये दिलीप सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। तत्काल एक टीम पश्चिम बंगाल भेजी गई। सर्राफा एसोसिएशन ने इस कारीगर को पूरी छानबीन व कागजी कार्रवाई के बाद रखा था, इसलिए पुलिस उसके घर बंगाल के हुगली जिले में पहुंच गई और उसे दबोच लिया। उसके पास से करीब 179.040 ग्राम सोना बरामद हो गया। इसमें 164 ग्राम सोना उसके पास से व 15.040 ग्राम सोना उसके ब्रह्मपुरी स्थित मकान से बरामद हुआ है।

## व्यवसायी से लूट का विरोध करने पर युवक की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** बदमाशों का एक दल यापारी के घर से रुपए लूट कर भाग रहे थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें रोका तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम गोविंदा पंजा (32) है। यह सनसनीखेज घटना रविवार की रात दक्षिण 24 परगना के बिष्णुपुर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार चिकन व्यापारी शंकर धारा का घर बिष्णुपुर थाना के पनाकुआ ग्राम पंचायत के धरापारा क्षेत्र का है। उसका कर्मचारी देबाशीस शंकर धारा में रात को पैसे देने के लिए आया था। उस समय आरोप है कि चारों बदमाशों ने व्यापारी के घर के पास कालाबागान से सबसे पहले फायरिंग की। इसके बाद मारपीट कर लाखों रुपये लूट लिए और दो बाइक की सवारी कर भागने की कोशिश की। बदमाशों के हमले की जानकारी पड़ोसियों को लगी। वे अपराधियों को पकड़ने के लिए सड़कों पर उतर आए। भागने के रास्ते में स्थानीय लोगों की बाधाओं को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोविंदा पंजा नाम के स्थानीय युवक को गोली मार दी गई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। उस मौके पर चारों बदमाश बाइक चलाकर तेजी से फरार हो गए। खून से लथपथ युवक को बचाकर अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी होते ही इलाके में रोष फैल गया। नेपालगंज



पुलिस चौकी उस क्षेत्र में केवल एक किलोमीटर है। फिर भी, यह आपराधिक हिंसा कैसी है? स्थानीय लोगों ने यह सवाल उठाया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। अपराधियों को खोजने के लिए विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। विभिन्न क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। व्यापारी शंकर धारा ने आरोप लगाया कि एक माह पहले भी बदमाशों ने उनकी दुकान पर हमला किया था। उस वक्त उनके सिर पर आग्नेयास्त्र लगाकर कई लाख रुपये लूट लिए गए थे।

छपरा में व्यक्ति की रहस्यमय मौत: योजना के अनुसार, एसिड अटैक में हत्या या कुछ और? मंदिर के सामने से किसी व्यक्ति के शरीर के ठीक होने का रहस्य एक रहस्य से घिरा हुआ है। घटना नादिया के छपरा थाना के डेयर बाजार इलाके की है. जांचकर्ता मृतक के परिवार और स्थानीय लोगों से बात कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने रविवार की सुबह एक मंदिर के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। तुरंत पुलिस को सूचित करें। मौके पर छपरा थाने की पुलिस पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक का नाम तपन घोष है। 35 वर्षीय व्यक्ति नदिया के कोतवाली थाना क्षेत्र के पारुल पारा क्षेत्र का रहने वाला है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि तपनबाबू नियमित रूप से शराब पीता था। मृतक के परिवार ने दावा किया कि तपनबाबू की हत्या एक योजना में तेजाब से की गई थी। परिजनों से उचित जांच की मांग की गई है। पुलिस के मुताबिक, घटना की जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद व्यक्ति की मौत का असली कारण स्पष्ट होगा। परिवार की शिकायतों पर भी गंभीरता से गौर किया जाएगा। जब तक जांच खत्म नहीं हो जाती, तब तक इस बात को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है कि प्राकृतिक मौत है या नियोजित हत्या। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## नदिया जिले में 'राष्ट्र विरोधी' पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले से एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर 'राष्ट्र-विरोधी' सामग्री साझा करने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान बेथुआडहरी के खिदिरपुर उत्तरपाड़ा निवासी मीर कासिम शेख के रूप में की गई है। उसने बताया कि शेख के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेख को अदालत में पेश किया गया जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि शेख ने अन्य भड़काऊ टिप्पणियों के साथ एक विवादास्पद पोस्ट साझा की, जिसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष के संदर्भ में अपमानजनक और उत्तेजक माना गया। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है और निष्कर्षों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**हावड़ा-कटिहार एक्सप्रेस निरस्त**

परिचालनगत कारणों से, **15711 हावड़ा-कटिहार एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 13.05.2025) **निरस्त** रहेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सियालदह में दुष्कर्म के आरोपित को पकड़ने आए तमिलनाडु पुलिस पर हमला, कोलकाता पुलिस ने किया रेस्क्यू

**कोलकाता, समाज्ञा :** तमिलनाडु में एक नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोपित को पकड़ने कोलकाता पहुंचे पुलिस अधिकारियों पर हमला हो गया। यह घटना तब घटी जब सियालदह स्टेशन के पास आरोपित को गिरफ्तार करने आए तमिलनाडु पुलिस के अधिकारियों को स्थानीय लोगों ने घेर लिया और उनके साथ हाथापाई की। तमिल पुलिस ने 100 नंबर पर कॉल कर मदद मांगी, जिसके बाद कोलकाता पुलिस की तत्परता से उनकी जान बचाई गई और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। तमिलनाडु के तिरुप्पुर जिले में एक 14 वर्षीय नाबालिग से बलात्कार और पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज होने के बाद आरोपित अब्बास बैद्य फरार हो गया था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर जब तमिलनाडु पुलिस कोलकाता पहुंची, तब उन्हें पता चला कि आरोपित सियालदह इलाके में फल विक्रेताओं के लिए काम कर रहा है और वहीं अपने परिवार के साथ रह रहा है। रविवार को जब पुलिस अधिकारियों ने आरोपित को सियालदह स्टेशन क्षेत्र से गिरफ्तार किया, तभी स्थानीय कुछ व्यापारियों और निवासियों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट करने लगे। तमिलनाडु पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर ने तत्काल कोलकाता पुलिस के नियंत्रण कक्ष में फोन कर स्थिति की जानकारी दी। इसके बाद लालबाजार से सूचना मिलते ही एंटाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तमिलनाडु पुलिस को सुरक्षित बाहर निकाला। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि अब्बास बैद्य कुछ समय पहले तमिलनाडु के तिरुप्पुर जिले में प्रवासी मजदूर के तौर पर गया था। वहीं उसकी जान-पहचान एक अन्य प्रवासी युवक से हुई, जो एक 14 साल की नाबालिग से प्रेम संबंध में था। एक दिन अब्बास ने दोनों को एकांत में देखा और उनका वीडियो बना लिया। बाद में उसी वीडियो को दिखाकर उसने नाबालिग को ब्लैकमेल करना शुरू किया। अब्बास ने नाबालिग को कई बार अपनी हवस का शिकार बनाया। जब वह बीमार हुई और अस्पताल ले जाई गई, तो डॉक्टरों ने उसे चार महीने की गर्भवती बताया। इसके बाद मामला बाल संरक्षण आयोग और पुलिस के पास पहुंचा। कोर्ट में बयान देने के बाद पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की और लोकेशन ट्रेस कर उसे कोलकाता में गिरफ्तार किया। आरोपित अब्बास बैद्य को सोमवार को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर फरार दूसरे आरोपित की तलाश में जुट गई है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# राज्य में छात्रों के लिए बड़ी पहल, 11 जिलों में खुलेंगे 18 नए आईटीआई संस्थान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के तकनीकी शिक्षा ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से 11 जिलों में 18 नए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आईटीआई) खोलने की योजना बनाई है। यह फैसला छात्रों के बीच आईटीआई में पढ़ाई के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए लिया गया है। सरकार के इस कदम से न केवल युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण के अधिक अवसर मिलेंगे, बल्कि राज्य में तकनीकी दक्षता और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। सूत्रों के अनुसार, नई आईटीआई की




स्थापना की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और संबंधित जिलों में जमीन हस्तांतरण की कार्रवाई चल रही है। योजना के तहत कुछ जिलों में दो, तो कुछ में तीन आईटीआई बनाए जाएंगे। जिन विभागों के पास जमीन है, वे नियमानुसार उसे तकनीकी शिक्षा विभाग को सौंप रहे हैं। प्रत्येक नए आईटीआई के निर्माण पर प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राज्य में वर्तमान में लगभग 50 आईटीआई संचालित हो रहे हैं। इन 18 नए संस्थानों के जुड़ने से कुल संख्या बढ़कर 68 हो जाएगी। प्रस्तावित योजना के अनुसार, मुर्शिदाबाद जिले के चार अलग-अलग ब्लॉकों में एक-एक आईटीआई खोला जाएगा। इसके अलावा मालदह, दक्षिण 24 परगना, पूर्व बर्दवान, पश्चिम बर्दवान, कूचबिहार और उत्तर 24 परगना जिलों में एक-एक आईटीआई की स्थापना होगी। वहीं, बांकुड़ा, बीरभूम, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर जिलों को दो-दो नए आईटीआई मिलेंगे। राज्य सरकार का यह प्रयास तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा निवेश माना जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण के बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

# राज्य में बस यात्रा होगी और सुरक्षित, नई गाइडलाइंस में सख्त नियम लागू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने बस यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नई परिवहन गाइडलाइंस जारी की हैं, जो राज्य की सभी सरकारी, निजी, स्कूल वैन, मिनीबस और अन्य यात्री वाहनों पर अनिवार्य रूप से लागू होंगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब फिटनेस सर्टिफिकेट केवल उन्हीं वाहनों को जारी किया जाएगा जो इन नए मानकों का पालन करेंगे। इन नियमों के तहत बस की पहली सीढ़ी की ऊंचाई जमीन से 25 से 43 सेंटीमीटर के बीच रखी जाएगी, ताकि बुजुर्ग व घुटनों की परेशानी से जूझ रहे यात्रियों को सुविधा मिल सके। वहीं, बस के दरवाजे की चौड़ाई कम से



कम 53 सेंटीमीटर तय की गई है और आपातकालीन दरवाजों की अनुमति नहीं होगी। यात्रियों के चढ़ने-उतरने के स्थान पर मजबूत हैंडल लगाना भी अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक यात्री को कम से कम 38 वर्ग सेंटीमीटर की बैठने की जगह दी जानी चाहिए, जबकि बस की खिड़की की बनावट, चालक के केबिन का डिजाइन और फर्स्ट एड बॉक्स की अनिवार्यता जैसी व्यवस्थाएं भी इन निर्देशों में शामिल की गई हैं। सरकार का यह कदम न केवल बस यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में एक अहम पहल है, बल्कि यात्री अनुभव को भी बेहतर बनाने की कोशिश है।

## योग्य शिक्षक मंच ने 15 मई से शिक्षा विभाग के घेरेबंदी का किया आह्वान

**कोलकाता, समाज्ञा :** नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षक और शिक्षाकर्मी 7 मई से विकास भवन के सामने धरना दे रहे हैं। उनका दावा है कि वे योग्य हैं लेकिन उन्हें रोजगार नहीं दिया जा रहा है। वे विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन भी जारी रखे हुए हैं। इस बार, योग्य शिक्षक अधिकार समूह ने शिक्षा विभाग की घेराबंदी का आह्वान किया। इस मंच ने गुरुवार 15 तारीख को शिक्षा विभाग का घेराव करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने धरना शुरू किया है, वे राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु से मिलना चाहते थे। वह उसे सभी मांगों से अवगत कराना चाहता था। लेकिन वादे के बावजूद अभी तक उनकी शिक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं हुई है। इसलिए इस बार उनके पास शिक्षा विभाग को घेरने के अलावा कोई और विकल्प नहीं दिख रहा है। मंच द्वारा की गई अनेक मांगों में से एक यह है कि योग्य शिक्षकों को सम्मान के साथ स्कूलों में वापस लाया जाना चाहिए। और सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। इसके अतिरिक्त, यदि न्यायालय के आदेश के अनुसार अधिसूचना प्रकाशित करने का निर्णय लिया जाता है, तो इस पर उनके साथ चर्चा की आवश्यकता होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म यह मांग करता है कि अभ्यर्थी एक ही नौकरी के लिए बार-बार योग्यता परीक्षा न दें।

## शिक्षक भर्ती का मसौदा तैयार, नवान्न से मंजूरी का इंतेजार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि शिक्षक भर्ती अधिसूचना 31 मई तक प्रकाशित की जानी चाहिए। सूत्रों के अनुसार, शिक्षा विभाग ने भर्ती के लिए मसौदा तैयार कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि स्कूल सेवा आयोग नए स्कूल वर्ष के लिए अंतिम अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहा है। एसएससी सूत्रों के अनुसार, रिक्त पदों की सूची प्राप्त होते ही भर्ती अधिसूचना प्रकाशित कर दी जाएगी। जिला निरीक्षक स्कूलों में विषय और श्रेणी के अनुसार रिक्त पदों की संख्या एकत्र करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। शिक्षा विभाग यह सूची तैयार कर स्कूल सेवा आयोग को भेजेगा। एसएससी शिक्षा विभाग से हरी झंडी का इंतजार कर रहा है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार रिक्तियों की सूची में ओबीसी आरक्षण को लेकर सवाल उठ सकते हैं। उच्च न्यायालय पहले ही ओबीसी प्रमाण पत्र पर कई फैसले दे चुका है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि कानूनी जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए मसौदे में कई बदलाव किए गए हैं।

## मुर्शिदाबाद में बिजली गिरने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले के सालार थाना अंतर्गत माखलतोड़ इलाके में सोमवार की रात बिजली गिरने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि घटना में एक बच्चा भी घायल हो गया। मृतक की पहचान मोहन दास बैराग्य के रूप में की गई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, इस दिन, शाम को वह आओचा माखलतोड़ खेत में काम करने गया था। वहां वह व्यक्ति आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। उसे बचाकर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए कांदी उपजिला अस्पताल के शवगृह में भेज दिया।

# डागा भाईपा कमेटी ने किया स्वर्ण जयंती वर्ष में श्री नृसिंह महोत्सव का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** डागा भाईपा कमेटी के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर डागा परिवार के कुलदेवता श्री नृसिंह देव जी के जयंती महोत्सव का आयोजन स्थानीय डागा धर्मशाला में रविवार को किया गया, जिसमें सर्वप्रथम श्री नृसिंह देव जी का अभिषेक मुख्य यजमान राजकुमारी-नवरतन डागा के द्वारा किया गया। आरती के पश्चात छप्पन भोग के दर्शन के पट खुले। डागा परिवार के सदस्यों द्वारा कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति की जिसे सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष जगमोहन डागा, उपसभापति सुरेश डागा, मंत्री के के डागा, उपमंत्री जयंत कुमार डागा-सुमित डागा, कोष मंत्री गो-



विंद डागा, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी कुमार डागा, नवरतन डागा, श्रीचंद डागा, नारायण डागा, अमित डागा, मोहित डागा व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया जिसकी जानकारी कमेटी के जयंत कुमार डागा ने दी।

## चालक की सतर्कता ने सुनिश्चित की यात्रियों की सुरक्षित यात्रा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड लाइन पर एक लोकल ट्रेन में तकनीकी खराबी देखी गई। यह ट्रेन हावड़ा स्टेशन से रवाना हुई और जब लिलुआ पहुंची तब चालक को तकनीकी गड़बड़ी का आभास हुआ। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत रेलवे कर्मियों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे तकनीकी स्टाफ ने जांच के बाद पाया कि ट्रेन का पेंटोग्राफ टूट गया है। तकनीकी टीम ने तत्परता से मरम्मत का कार्य शुरू किया और कुछ ही समय में खराबी को दूर कर लिया गया। इसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से पुनः रवाना किया गया और सभी यात्री सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंचाया गया।

# निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ पोस्ट हटाए, अदालत ने मामला किया बंद

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ कथित अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट को हटाए जाने के बाद एक मामले को बंद कर दिया। न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा ने दुबे के वकील द्वारा विवादास्पद 'फेसबुक' पोस्ट हटाये जाने की जानकारी देने के बाद मोइत्रा की अंतरिम याचिका का निस्तारण कर दिया। सोशल मीडिया पर मोइत्रा के खिलाफ ट्वीट करने वाले वकील जय अनंत देहाद्रई अदालत के समक्ष पेश हुए और अपने 'एक्स' खाते से पोस्ट हटाने का आश्वासन दिया। अदालत ने नौ मई के अपने आदेश में कहा कि प्रतिवादी दुबे ने 'फेसबुक' से पोस्ट पहले ही हटा दी है और देहाद्रई ने 'एक्स' से विवादित



पोस्ट हटाने का आश्वासन दिया है, इस तथ्य के मद्देनजर इस अर्जी में मांगी गई राहत विचार के लिए बची नहीं है। इस प्रकार अर्जी का निस्तारण किया जाता है। मोइत्रा ने दावा किया कि वह दुबे की फेसबुक पोस्ट और दुबे की पोस्ट के स्क्रीनशॉट के साथ 'एक्स' पर देहाद्रई के ट्वीट से व्यथित हैं। यह सामग्री भारत के लोकपाल के समक्ष मोइत्रा से संबंधित सीबीआई मामले से जुड़ी थी।

# आज से पर्पल लाइन पर मेट्रो की 62 सेवाएं

### पहली सर्विस 07.57 और अंतिम 20.00 बजे

**कोलकाता, समाज्ञा :** यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए, मेट्रो रेलवे प्राधिकरण 13 मई मंगलवार से जोका और माजेरहाट मेट्रो स्टेशनों के बीच पर्पल लाइन पर मेट्रो सेवाएं बढ़ाने जा रहे हैं। इस खंड पर कुल 62 सेवाएं (31 अप + 31 डाउन) उस दिन से 24 मिनट के अंतराल पर संचालित की जाएंगी। वर्तमान में, पर्पल लाइन पर सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन 40 सेवाएं (20 अप + 20 डाउन) संचालित



की जा रही हैं। इस कॉरिडोर पर सेवा घंटे भी 08:27 बजे से 15:43 बजे के स्थान पर 07:57 बजे से 20:17 बजे तक बढ़ाए जा रहे हैं। शनिवार और रविवार को सामान्यतः कोई सेवा नहीं होगी। इस दिन प्रथम सेवा माजेरहाट से 08.27 बजे के बजाय के बजाय 07.57 बजे, जोका से 08.30 बजे के स्थान पर 08.00 बजे तक चलेगी। वहीं अंतिम सेवा जोका व माजेरहाट से 15.28 बजे के बजाय 20.00 बजे तक चलेगी।

# मारवाड़ी युवा मंच हावड़ा शाखा ने की गोसेवा, सैकड़ों लोगों में भोजन व शरबत वितरित

**हावड़ा, समाज्ञा :** मारवाड़ी युवा मंच हावड़ा शाखा की ओर से रविवार को एक साथ तीन सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। मंच के हावड़ा शाखा अध्यक्ष मोहित ड्रोलिया ने बताया कि इसके अंतर्गत गौ-सेवा में गायों को हरा चारा व फल आदि खिलाया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए ऑल इंडिया मारवाड़ी युवा मंच मंच के जल सेवा प्रकल्प अमृत धारा के अंतर्गत शीतल शरबत वितरण शिविर का आयोजन बांधाघाट में श्री माखन भोग के निकट किया गया जहां करीबन 1000 लोगों को शरबत पिलाया गया। मंच के सचिव उमंग कानोड़िया ने बताया कि इसी प्रकार मंच के जनसेवा प्रकल्प के अंतर्गत



बजरंगबली स्थित खड़े हनुमान जी मंदिर के पास 'अन्न दान' के तहत 'रोटी ऑन व्हील्स की गाड़ी' के जरिए लगभग 500 राहगीरों को खाना खिलाया गया। इन सभी सेवा आयोजनों को सफल बनाने में गोविंद टिबड़ेवाल, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नवीन मोर, अंकित अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, हंसराज अग्रवाल, उमंग झुनझुनवाला सहित सोनम टिबड़ेवाल, ममता भुवालका, संतोषी माहेश्वरी, सुमन ड्रोलिया का सक्रिय सहयोग रहा। इसके साथ ही मदर्स डे पर आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता में तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# प्रतिभावान डॉ. गीतांजलि सोनी का मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस) का लक्ष्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रतिभावान डॉ. गीतांजलि सोनी का कहना है कि रोगियों की चिकित्सा, मानव सेवा की प्रेरणा माता-पिता एवं परिवार के सदस्यों से मिली है। एमबीबीएस में सफलता प्राप्त कर वर्तमान में सर्जन बनने के लिए मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस) में सफलता के अपने लक्ष्य पर



ध्यान केंद्रित है। डॉक्टर गीतांजलि सोनी ने कहा कि डॉक्टर के जीवन में हॉस्पिटल-क्लीनिक-नर्सिंग होम एक परिवार है। रोगियों की चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा में डॉक्टर के साथ मेडिकल स्टाफ, नर्स का महत्वपूर्ण योगदान है। मानव सेवा डॉक्टर का प्रमुख उद्देश्य है। सीनियर डॉक्टर्स के सकारात्मक अनुभव सुनकर मुझे खुशी होती है, प्रेरणा मिलती है। रोगियों की चिकित्सा, हेल्थकेयर (स्वास्थ्य), रोगियों के परिवार को सूचित (अपडेट) रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रतिभावान डॉक्टर गीतांजलि सोनी को माता पिता एवं परिवार के सदस्यों ने डॉक्टर जीवन में सफलता के लिये शुभकामना दी।

# सियालदह स्टेशन पर लगी मोबाइल यूटीएस मशीनें, बेटिकट यात्रा से निपटने में मिलेगी मदद

**कोलकाता, समाज्ञा :** यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और बिना टिकट यात्रा की समस्या से निपटने के लिए, सियालदह डिवीजन ने सियालदह स्टेशन पर एक अभिनव मोबाइल यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) पहल शुरू की है। सियालदह के सीनियर डीसीएम जसराम मीना, सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना के मार्गदर्शन में मोबाइल यूटीएस के शीघ्र कार्यान्वयन का नेतृत्व किया है। सुविधाजनक स्थानों पर रखी गई मोबाइल यूटीएस मशीनों से यात्रियों - विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, बीमारों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए पारंपरिक टिकट काउंटरों पर कतार में लगने की आवश्यकता कम हो गई है।टिकट प्रक्रिया को स्वचालित करके, मोबाइल यूटीएस मशीनें रेलवे कर्मचारियों पर कार्यभार को कम करने में मदद कर सकती हैं, जिससे रेलवे प्रशासन को अधिक



सुव्यवस्थित रेलवे परिचालन के लिए सुरक्षा, समय की पाबंदी आदि जैसी अन्य प्रमुख गतिविधियों में उनका उपयोग करने में सक्षम बनाया जा सकेगा। ये मशीनें उच्च यात्री यातायात वाले क्षेत्रों में आसान स्थानांतरण के लिए आवश्यक लचीलापन प्रदान करती हैं, तथा यह सुनिश्चित करती हैं कि टिकटिंग सेवाएं वहां उपलब्ध हों जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।अतिरिक्त टिकटिंग पॉइंट प्रदान करके, मोबाइल यूटीएस मशीनें यात्रियों को अधिक समान रूप से वितरित करने में मदद करती हैं। विकेन्द्रीकृत टिकट प्रणाली स्पष्ट रूप से तीव्र सेवा प्रदान करती है। पिछले तीन दिनों में कुल 952 यात्रियों ने मोबाइल यूटीएस सेवा का उपयोग किया है, जिससे 26,305 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। मौके पर सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि यह दूरदर्शी दृष्टिकोण सभी के लिए अधिक आरामदायक और कुशल यात्रा वातावरण बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और सक्रिय उपायों का लाभ उठाने के लिए प्रभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# हावड़ा डिवीजन : 100 वर्षों की यात्रा और भारतीय इतिहास पर अमिट छाप

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन अपने शताब्दी वर्ष का उत्सव मना रहा है। यह ऐतिहासिक स्टेशन भारतीय रेल नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और इसके द्वारा भारतीय इतिहास के कई महत्वपूर्ण मोड़ों को देखा गया है। हावड़ा स्टेशन, जो भारत के सबसे व्यस्त रेलवे हबों में से एक है, न केवल एक परिवहन केंद्र रहा है, बल्कि इसने उन महान व्यक्तित्वों का स्वागत किया है। जिन्होंने राष्ट्र के भविष्य को आकार दिया। स्वतंत्रता सेनानियों, कवियों, राजनेताओं और दूरदर्शियों का हावड़ा स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान हुआ है, जिनकी उपस्थिति ने इस स्टेशन की धरोहर पर गहरी छाप छोड़ी है। रवींद्रनाथ ठाकुर का हावड़ा स्टेशन से एक गहरा संबंध था। 11 वर्ष की आयु में, 14 फरवरी 1873 को उन्होंने हावड़ा से बोलपुर तक



अपनी पहली ट्रेन यात्रा की थी। उनका हावड़ा से अंतिम यात्रा भी रेल द्वारा हुआ था। महात्मा गांधी ने 1947 में विभाजन के दौरान हावड़ा स्टेशन पर शांति का संदेश दिया, जब कोलकाता में साम्प्रदायिक हिंसा फैल रही थी। पंडित नेहरू ने हावड़ा-शेउराफुली रेलवे लाइन के विद्युतीकरण का उद्घाटन किया, जो नव स्वतंत्र भारत के प्रगति का प्रतीक था। राजीव गांधी का हावड़ा स्टेशन पर एक भावनात्मक पल था, जब वह 13 वर्ष की आयु में अपने दादा पंडित नेहरू से बिछड़ गए थे। शहीद जतिन दास की अंतिम यात्रा भी 1929 में हावड़ा स्टेशन से हुई, जो स्वतंत्रता संग्राम का ऐतिहासिक पल था। मोहम्मद अली जिन्ना की 1928 में हावड़ा स्टेशन से हुई यात्रा ने भारतीय राजनीति के जटिल मोड़ों को उजागर किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मदर टेरेसा जैसे महान व्यक्तित्वों के आगमन ने हावड़ा स्टेशन को समाज और राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना दिया। हावड़ा डिवीजन का शताब्दी वर्ष न केवल बुनियादी ढांचे की प्रगति का उत्सव है, बल्कि यह उन संघर्षों और सफलता की गवाह भी है, जिन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान दिया।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर मार्शल ने दिनकर और रामायण से दिया राष्ट्र संदेश

**नई दिल्ली/कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अंगों के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) की सोमवार दोपहर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। आरंभ में तीनों सेनाओं के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संचालन से संबंधित जानकारी साझा की, जिसके बाद संवाददाताओं के सवाल लिए गए। एक पत्रकार ने शुरुआती वीडियो को लेकर सवाल उठाया जिसमें राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां सुनाई दी थीं, जबकि पिछले दिन के वीडियो में शिव तांडव स्तोत्रम का प्रयोग किया गया था। सवाल यह था कि इन प्रस्तुतियों के माध्यम से सेना किस प्रकार का संदेश देना चाहती है। इस प्रश्न पर वायुसेना के एयर मार्शल ए.के. भारती प्रसन्न दिखे। उन्होंने पत्रकार और एजेंसी का नाम दोबारा पूछा और फिर पूरी गंभीरता व आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। एयर मार्शल ने बताया कि वीडियो में प्रयुक्त पंक्तियां दिनकर की कालजयी काव्य रचना 'रश्मिरथी' के 'कृष्ण की चेतावनी' खंड से ली गई थीं, जिसमें दुर्योधन की हठ और भगवान कृष्ण के तीव्र चेतावनी स्वरूप का वर्णन है। इसके पश्चात उन्होंने बिना किसी पूर्व तैयारी के रामचरितमानस की एक प्रसिद्ध चौपाई का उल्लेख किया। उन्होंने इस प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि यह वह क्षण था जब भगवान राम समुद्र से रास्ता देने की प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन जब तीन दिन तक कोई उत्तर नहीं मिला, तो उन्होंने कहा कि भय के बिना प्रेम नहीं होता




और उन्होंने अपने धनुष को उठाने का संकेत दिया। यह संदर्भ शक्ति और संयम का प्रतीक है। सामान्यतः सैन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस जैसे गंभीर आयोजनों में पत्रकार केवल प्रश्न पूछते हैं, प्रशंसा या तालियां जैसी प्रतिक्रियाएं नहीं देते। लेकिन एयर मार्शल भारती के प्रभावशाली, भावनात्मक और साहित्यिक उत्तर ने वहां उपस्थित पत्रकारों को तालियां बजाने के लिए प्रेरित कर दिया। उनके साथ मंच पर बैठे नौसेना के वाइस एडमिरल ए.एन. प्रमोद भी मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस के समापन पर वाइस एडमिरल प्रमोद ने वैदिक मंत्र शं नो वरुणः उच्चारित किया, जिसका अर्थ है समुद्रों के देवता वरुण हमारे लिए कल्याणकारी हों। यह संवाद न केवल सैन्य संप्रेषण की गंभीरता को दर्शाता है, बल्कि उसमें भारतीय साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की आत्मा भी समाहित थी, जिसने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक ऐतिहासिक और भावनात्मक अनुभव में बदल दिया।

# पूर्व रेलवे ने संरचनात्मक सुधारों से ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता बढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे यात्रियों की सुविधा और रेल संचालन की सुरक्षा बढ़ाने हेतु निरंतर आधारभूत संरचना को सुदृढ़ कर रहा है। इसी क्रम में मालदह मंडल ने 10 व 11 मई को पांच लिमिटेड हाइट सबवे का सफल कमीशनिंग किया। ये सबवे लेवल क्रॉसिंग गेट के स्थान पर बनाए गए हैं, जिनमें दो धूलियान गंगा-निमतिता खंड (गेट संख्या 39 व 44), एक भागलपुर-किऊल (गेट संख्या 23), एक टिलडांगा-बोनिडांगा (गेट संख्या 62) और एक अवैध क्रॉसिंग स्थल मालदह टाउन-न्यू फरक्का खंड में बनाया गया है। इससे अवैध ट्रैक पार करने की घटनाओं पर अंकुश लगेगा और संचालन अधिक सुरक्षित होगा। इसके अतिरिक्त, मालदह टाउन-न्यू फरक्का व महिपाल रोड-मणिग्राम



खंडों में रखरखाव कार्य किए गए। प्लैसर क्विक रेलाइंग सिस्टम द्वारा 560 मीटर ट्रैक में 45 पैनल बदले गए। 09 टर्नआउट स्विच का नवीनीकरण और 820 मीटर में बैलेस्ट की गहराई से सफाई की गई। साथ ही 15,455 मीटर में टैम्पिंग तथा 2 पॉइंट्स पर 700 मीटर टर्नआउट टैम्पिंग की गई। 2,800 मीटर में डिस्ट्रेसिंग व 19 डीएमटी वैगनों द्वारा बैलेस्ट अनलोडिंग तथा 243 मीटर में रेल पाइलिंग कार्य भी पूरा हुआ। एफआरएम से 3,700 और बीआरएम से 2,000 मीटर में कार्य हुआ। 47 रेल जॉइंट वेल्ड हुए। ब्रिज संख्या 41 पर 156 मीटर रेल बदली गई और ब्रिज 19 के पास 140 मीटर कर्व रियलाइन्मेंट किया गया। ये सभी कार्य 'शैडो ब्लॉक' के दौरान पूर्ण कर पूर्व रेलवे ने अपनी सेवा गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया है।

# हावड़ा डिवीजन की शताब्दी पर गुलमोहर कॉलोनी में प्रभात फेरी आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन की स्थापना के 100 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में 12 मई 2025 को गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, हावड़ा में प्रभात फेरी और जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें रेलवे कर्मचारियों, उनके परिजनों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह-सुबह निकली प्रभात फेरी में देशभक्ति के नारों और गीतों की गूंज से कॉलोनी का माहौल जीवंत हो उठा। रंग-बिरंगे पोस्टर और बैनरों से सजे इस जुलूस ने न केवल हावड़ा डिवीजन की एकता और गौरव को दर्शाया, बल्कि एक




सदी की सेवा यात्रा को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दो प्रमुख विषयों पर आधारित पर्चे भी वितरित किए गए। हावड़ा डिवीजन की 100 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए और पर्यावरण जागरूकता के महत्व को रेखांकित करते हुए। इस पहल का उद्देश्य कॉलोनीवासियों को न केवल रेलवे की समृद्ध विरासत से अवगत कराना था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी बनाना था। इस दोहरे उद्देश्य वाले अभियान के माध्यम से हावड़ा डिवीजन ने यह संदेश स्पष्ट किया कि वह अपनी ऐतिहासिक धरोहर को सहेजते हुए एक स्वच्छ, हरित और सतत भविष्य के निर्माण के लिए भी प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम न केवल गौरव का प्रतीक था, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति रेलवे की जिम्मेदारी की एक सकारात्मक मिसाल भी बन गया।

## पीएल एसेट ने लॉन्च किया पहला परफॉर्मिंग क्रेडिट फंड

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रभुदास लीलाधर समूह की वैकल्पिक निवेश प्रबंधन कंपनी पीएल कैपिटल ने अपना पहला ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) लॉन्च किया है। यह पीएल कैपिटल परफॉर्मिंग क्रेडिट फंड, कैटेगरी खख एआईएफ है। यह फंड विभिन्न क्षेत्रों (रियल एस्टेट को छोड़कर) में सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों कंपनियों में सुरक्षित ऋण निवेश पर ध्यान देगा। इसका लक्षित आकार 500 करोड़ रुपये और 500 करोड़ रुपये का ग्रीनशू है।

# 'मेरे सिंदूर की भी लाज रखो मोदी जी', कहकर फूट-फूट कर रोने लगी पूर्णम की पत्नी रजनी साव

## पाक हिरासत में बीएसएफ जवान की पत्नी ने मोदी-ममता से वापसी की अपील

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के रिषड़ा की रहने वाली रजनी साव, जिनके पति बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में हैं, ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपने पति की सुरक्षित वापसी की अपील की है। रजनी ने कहा, हमने देखा कि पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों को नष्ट किया। मैं उनके इस कदम के लिए आभारी हूं, लेकिन अब मेरी एक ही प्रार्थना है-मेरा पति सही सलामत लौटे। पूर्णम साव को पाकिस्तान रेंजर्स ने 23 अप्रैल को हिरासत में लिया था। रजनी ने बताया कि उनके पति ड्यूटी के दौरान थकान महसूस कर पेड़ के नीचे सो गए थे और इसी दौरान वे पाकिस्तान सीमा में चले गए। उनकी आखिरी बार बात मंगलवार रात को हुई थी। रजनी गर्भवती हैं और अपने पति की सकुशल वापसी के लिए हर दिन प्रार्थना कर रही हैं।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रजनी से फोन पर बात कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, हम आपके साथ हैं और इस मामले में ठोस कदम उठाए जाएंगे। रजनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील की है कि वे इस मुद्दे में हस्तक्षेप कर समाधान निकालें। रिषड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने भी परिवार के साथ खड़े होने की बात कही है। उन्होंने कहा, हमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पूरा भरोसा है। वे इस कठिन परिस्थिति में पीड़ित परिवार के साथ हैं और लगातार प्रयास कर रही हैं। परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी। रजनी की यह भावुक अपील न केवल उनके पति की सुरक्षित वापसी की उम्मीदों को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि एक परिवार अपने प्रियजन के लिए किस हद तक संघर्ष कर सकता है। सिंदूर को मिटने वालों का हश्र तो दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए देख लिया मैं भी अपने पति के नाम का सिंदूर लगाती हूं मुझे भी मेरे पति को लौटाए मोदी जी।

## पोलबा में विवाहेतर संबंध के चलते पति ने की पत्नी के प्रेमी की हत्या

**हुगली, समाज्ञा :** विवाहेतर संबंध के चलते प्रेमी की हत्या का मामला सामने आया है। उक्त हुगली जिले के पोलबा थाना क्षेत्र के महानाद इलाके की है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान राज बर्मन के रूप में हुई है, जबकि आरोपित युवक अभिजीत सरकार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, करीब चार साल पहले महानाद निवासी सागरिका की शादी नदिया जिले के नवद्वीप निवासी अभिजीत सरकार से हुई थी। अभिजीत का उत्तर 24 परगना के हालिशहर निवासी राज बर्मन से घनिष्ठ मित्रता थी। इसी कारण राज का सागरिका के घर आना-जाना भी था और वहीं से उनके बीच जान-पहचान शुरू हुई। आरोप है कि धीरे-धीरे राज और सागरिका के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं और दोनों एक-दूसरे से फोन पर लगातार बातचीत करने लगे। इस बात की जानकारी जब अभिजीत को हुई तो उसके और सागरिका के बीच अक्सर झगड़े होने लगे। अभिजीत ने पत्नी को राज से दूर रहने की हिदायत दी, लेकिन दोनों का संपर्क जारी रहा। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच तनाव और गहरा गया। बताया जा रहा है कि इसी बीच, शुक्रवार को सागरिका अपने मायके चली गई थी। शनिवार को अभिजीत अपने ससुराल गया, जहां एक बार फिर बहस हुई। इसके बाद, रविवार को राज बर्मन, सागरिका और अभिजीत तीनों ने महानाद स्थित एक मंदिर के पास मिलने का फैसला किया ताकि विवाद को सुलझाया जा सके। लेकिन, बातचीत के दौरान अचानक अभिजीत ने धारदार चाकू से राज पर हमला कर दिया। राज मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत राज को चुंचुड़ा इमामबाड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सागरिका की शिकायत पर आरोपित अभिजीत को गिरफ्तार कर लिया है। आज उसे कोर्ट में पेश कर हिरासत में लिया गया है। सागरिका का आरोप है कि अभिजीत ने घटना से पहले एक दुकान से चाकू खरीदा था। हत्या के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और यह जांच कर रही है कि इस घटना में कोई और व्यक्ति शामिल था या नहीं। पोलबा थाना पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# मादक तस्करी के आरोप में दो पुलिस अधिकारी समेत चार गिरफ्तार

### आरोपियों में एक एएसआई और एक एनभीएफ कर्मी शामिल

**मालदह :** गुप्त सूत्रों से मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। वहां से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि जांचकर्ताओं को गिरफ्तार किये गये दो लोगों की पहचान जानकर आश्चर्य हुआ। क्योंकि पुलिस अधिकारी स्वयं ड्रग्स के साथ गिरफ्तार हुआ था। वहां एक एनवीएफ कार्यकर्ता भी है। सनसनीखेज घटना मालदा के इंग्लिशबाजार थाना क्षेत्र में घटी। गिरफ्तार लोगों को आज अदालत में पेश किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ताओं को गोपनीय सूत्रों से हाफिजटोला गांव



में मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में सूचना मिली थी। ठीक इसी समय इंग्लिशबाजार थाने की मिल्की चौकी की पुलिस ने गांव में छापा मारा। बोमल समेत चार लोगों को गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से कुल 405 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। सबसे महत्वपूर्ण गिरफ्तारियों में एएसआई महा शफीकुल इस्लाम शामिल हैं। वह मानिकचक थाने के बालूटोला कैंप के प्रभारी थे। उनके अलावा एनवीएफ कार्यकर्ता शफीकुल शेख को भी गिरफ्तार किया गया है। शेष दो को मादक पदार्थ तस्कर माना जाता है। क्या वह पुलिस अधिकारी भी मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल है? वे वहां क्या कर रहे थे? ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और निगरानी दोनों बढ़ा दी गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है कि सीमा क्षेत्र से कोई सामान तस्करी के जरिए न आ सके और कोई भी व्यक्ति सीमा पार करके प्रवेश न कर सके। पुलिस भी इलाके पर कड़ी नजर रख रही है। उसी माहौल में पुलिस अधिकारी को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जांचकर्ताओं ने यही कहा। मादक पदार्थों की तस्करी के गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं तथा गिरोह का मुखिया कौन है? बताया जा रहा है कि इन मामलों की भी जांच की जा रही है।

## कागज की प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में नहाने गए दो नाबालिग की डूबने से मौत

**दक्षिण दिनाजपुर :** एक नाबालिग लड़का और तीन नाबालिग लड़कियां कागज की मूर्ति विसर्जित करने के बाद नदी में नहाने गए थे। कोई भी कल्पना नहीं कर सकता था कि इतना भयानक खतरा इंतजार कर रहा था। नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। यह दुखद घटना सोमवार को दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुमारगंज थाना अंतर्गत धाडोल पारा इलाके में घटी। परिवार के सदस्य फूट-फूट कर रोने लगे। स्थानीय व पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, तीनों गोपालगंज हाई स्कूल के छात्र हैं। अवयस्क। वे हर दिन आत्रेयी नदी में स्नान करते थे, जो उनके घर के पास से बहती थी। हालाँकि, इस दिन, वे खेल के रूप में कागज़ से स्याही की मूर्तियाँ बनाते थे। वे चारों पूजा करने और विसर्जन के लिए नदी में चले गए। मैंने सोचा कि नहाकर घर लौट जाऊंगा। लेकिन अंत में चारों डूब गये। स्थानीय लोग उनकी चीखें सुनने के लिए नदी में गए। वे एक नाबालिग लड़के और एक नाबालिग लड़की को जीवित बचाने में सफल रहे। हालाँकि, अन्य दो का ठिकाना लंबे समय तक अज्ञात रहा। इसके बाद, पुलिस को सूचना दी गई। गोताखोरों को नदी में उतारा गया है। स्थानीय निवासियों और गोताखोरों की मदद से दो नाबालिगों को बचा लिया गया। उन्हें तुरंत बरहार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए बालुरघाट जिला अस्पताल भेज दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये चारों हर रोज नदी में नहाने जाते थे। वह तैरना तो बहुत अच्छा जानता था, लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है? यही तो समस्या है।

## हावड़ा में दो वाहनों से 192 किलो गांजा बरामद, चार गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ग्रामीण जिला पुलिस ने रविवार की रात तलाशी अभियान के दौरान दो वाहनों से 192 किलो गांजा बरामद किया। हावड़ा ग्रामीण जिला पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार, गत रविवार की रात करीब 9 बजे जिले में अचानक नाका चेकिंग अभियान शुरू हुआ। हावड़ा ग्रामीण यातायात विभाग और राजापुर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों की संयुक्त पहल से पंचला बाउरिया चौराहे पर एक नाका प्वाइंट स्थापित किया गया था। अभियान के दौरान एक टोयोटा फॉर्च्यूनर और एक महिंद्रा थार वाहन जब्त की गई। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से कुल 192 किलो गांजा बरामद किया गया। इसमें ओडिशा निवासी चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम समीरंजन नाइक (28), संतोष नायक (35), सरोज मोहना (37), सौम्या रंजन साहू (30) है। हावड़ा ग्रामीण जिला पुलिस ने भी बताया कि घटना के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जयनगर में गले में जिंदा मछली फंसने से युवक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर थाना अंतर्गत तिलपी गांव में एक युवक की गले में जिंदा मछली फंसने से मौत हो गई। मृतक युवक का नाम अजीजुर मोल्ला (22) था, जो पेशे से दर्जी था। स्थानीय और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, अजीजुर मोल्ला गत रविवार की दोपहर को मछली पकड़ने के लिए तालाब गया था। उसने एक मछली पकड़ी और उसे अपने मुंह में रखा। इसके बाद, वह दूसरी मछली पकड़ने जा रहा था, लेकिन इसी दौरान मछली उसके गले में फंस गई। गले में मछली फंसने से वह अत्यधिक पीड़ा में था। स्थानीय निवासियों को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत अजीजुर को बारुईपुर महकमा अस्पताल में पहुंचाया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। हालांकि, अस्पताल में इलाज के बावजूद युवक को बचाया नहीं जा सका और उसकी मृत्यु हो गई। बारुईपुर पुलिस ने शव बरामद कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## मुर्शिदाबाद में फिर बम विस्फोट, एक बच्चा घायल

**मुर्शिदाबाद :** बगीचे में एक गेंद समझकर बम से खेलने गई छह साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। विभिन्न समयों पर कई युवा लड़के और लड़कियां गलती से बम को गेंद समझकर उससे खेलते समय घायल हो गए हैं। लेकिन मुर्शिदाबाद में इतने सारे बम कैसे आये? फिर से बारूद की गंध क्यों आ रही है? प्रश्न उठता है। पता चला है कि घायल बच्ची का नाम नुसरत जहां (6) है। घटना सोमवार सुबह शमशेरगंज थाना अंतर्गत मलांचा गांव में घटी। लड़की का फिलहाल मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि बच्ची सुबह आम के बगीचे में खेल रही थी। खेलते समय उसने गेंद जैसी एक वस्तु देखी और उसे उठा लिया, जिससे विस्फोट हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें शमशेरगंज के स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां जब उनकी हालत बिगड़ गई तो उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बम किसने और किस उद्देश्य से रखा था।

### दीघा के जगन्नाथ मंदिर के लिए 100 सिविक वॉलंटियर की नियुक्त की विज्ञप्ति जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने दिघा स्थित नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर परिसर में भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिए 100 सिविक वॉलंटियरों की नियुक्ति को मंजूरी देते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। यह निर्णय 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन मंदिर उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में नबन्ना में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया था। इस पहल का उद्देश्य न केवल मंदिर में सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित करना है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा करना है। राज्य मंत्रिमंडल ने कुल 114 रिक्त पदों को भरने की अनुमति दी है, जिनमें सिविक वॉलंटियरों की नियुक्ति के अलावा हुगली जिले के सिंगूर ट्रॉमा केयर सेंटर में 12 नए पैरामेडिकल पदों के सृजन को भी स्वीकृति दी गई है।

## लालबाग में देह व्यापार का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के पर्यटक नगर लालबाग में होटल व्यवसाय की आड़ में बड़े पैमाने देह व्यापार पर चलाने के आरोप सामने आए है। आरोप है कि रजिस्ट्री ऑफिस मोड़ से हजारदुआरी तक, मुर्शिदाबाद जंक्शन स्टेशन से बीडीओ ऑफिस तक तथा मोती-झील इलाके के कुछ होटलों में लंबे समय से देह व्यापार चल रहा है। पुलिस ने इस फलते-फूलते देह व्यापार का पर्दाफाश किया। पुलिस ने मुर्शिदाबाद जंक्शन स्टेशन के निकट एक होटल पर छापा मारा और देह व्यापार चलाने के आरोप में होटल मालिक, मैनेजर और दो ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, मौके से छह युवतियों को भी बचाया गया। बताया गया है कि यहां कई होटलों में देह व्यापार चलाने के आरोप सामने आ रहे थे। इन होटलों में दिन-रात ग्राहकों का तांता लगा रहता था। जैसे-जैसे शाम ढलती गई, होटलों में भीड़ बढ़ने लगती थी। स्थानीय निवासियों की शिकायत थी कि ऐसी घटनाओं से इस पर्यटक नगरी में पर्यावरण नष्ट हो रहा है। पुलिस में कई शिकायतें दर्ज की गई हैं। और शिकायत क आधार पर पुलिस ने यह अभियान चलाया। इस संबंध में लालबाग उपजिला पुलिस अधिकारी अकुलकर राकेश महादेव ने बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर संबंधित होटल पर छापेमारी की गई। छह महिलाओं को बचाने के अलावा चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कई और होटलों पर छापे मारे जाएंगे।



बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर मेयो रोड से पार्क स्ट्रीट तक बौद्ध भक्तों ने निकाली रैली

# राज्यों की खबरें

# 'ऑपरेशन सिंदूर' में मारे गए आतंकियों के जनाजे की अगुवाई करने वाला व्यक्ति अमेरिका की वांछित सूची में

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान की वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी को 'आम आदमी' के रूप में पेश करने की चाल पर से उस समय पर्दा उठ गया जब पड़ोसी देश के एक शीर्ष अधिकारी ने हाफिज अब्दुल रऊफ के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक रूप से उजागर कर दी। पाकिस्तानी अधिकारी द्वारा दी गयी जानकारी में रऊफ की राष्ट्रीय पहचान संख्या भी शामिल थी, जो अमेरिकी प्रतिबंधित आतंकवादियों की सूची के 'डेटाबेस' में मौजूद विवरणों से मेल खाती है। पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए रऊफ को एक आम आदमी बताया, जिसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। रऊफ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के पंजाब के मुदरिके में लश्कर-ए-तैयबा मुख्यालय में मारे गए आतंकवादियों



की नमाज अदा की थी। चौधरी ने संवाददाताओं को संबोधित करने के दौरान उसका (रऊफ का) कम्प्यूटरीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्र क्रमांक संख्या, उसकी जन्मतिथि 25 मार्च, 1973 बताई और उसे लाहौर का निवासी करार दिया। चौधरी द्वारा दिया गया ये विवरण अमेरिका के वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) के डेटाबेस में दिए गए रऊफ के विवरण से मेल खाता है। अमेरिका का वित्त विभाग विशेष रूप से नामित नागरिकों और आतंकियों की सूची रखता है। पत्र सूचना कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया, आईएसपीआर के महानिदेशक द्वारा साझा की गई पहचान संबंधी जानकारी हाफिज अब्दुर रऊफ की जानकारी से पूरी तरह मेल खाती है, जो कम से कम 1999 से लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ नेतृत्व का सदस्य है और अमेरिकी प्रतिबंध सूची का हिस्सा है।

## भारत-पाकिस्तान डीजीएमओ के बीच हुई अहम वार्ता आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई से बचने पर केंद्रित

**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को 'शत्रुतापूर्ण' सैन्य कार्रवाइयों से बचने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया और सीमा व अग्रिम क्षेत्रों से अपने-अपने सैनिकों की संख्या में कमी लाने के लिए तत्काल कदम उठाने पर सहमति जाहिर की। इस संबंध में एक बयान में कहा गया कि दोनों अधिकारियों ने 'हॉटलाइन' पर हुई बातचीत में दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी नहीं करने या एक-दूसरे के खिलाफ कोई 'आक्रामक और शत्रुतापूर्ण' कार्रवाई से बचने की प्रतिबद्धता को कायम रखने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों देशों के डीजीएमओ द्वारा सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति जाहिर करने के दो दिन बाद हुई यह बातचीत लगभग 45 मिनट तक चली। चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष के बाद 10 मई को यह सहमति हुई थी। सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों ने ड्रोन, मिसाइलों और लंबी दूरी के हथियारों से एक-दूसरे के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया, जिससे व्यापक सैन्य संघर्ष की आशंका बढ़ गई। भारतीय सेना ने कहा, शाम पांच बजे डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई। दोनों पक्षों द्वारा एक भी गोली नहीं चलाने या एक-दूसरे के खिलाफ किसी भी प्रकार के आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करने की प्रतिबद्धता को जारी रखने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। बयान के मुताबिक, इस बात पर भी सहमति हुई कि दोनों पक्ष सीमा और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें। हॉटलाइन पर यह बातचीत पहले दोपहर 12 बजे होनी थी। हालांकि यह बातचीत शाम करीब पांच बजे शुरू हुई।

## प्रधानमंत्री का संबोधन आतंक के खिलाफ नए भारत की नीति का स्पष्ट ऐलान : सीएम योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की सराहना करते हुए इसे 'आतंक के खिलाफ नए भारत की नीति का स्पष्ट ऐलान' बताया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज (सोमवार को) का संबोधन आतंक के खिलाफ 'नए भारत' की नीति का स्पष्ट ऐलान है। मुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, ये बहनों-बेटियों के सम्मान की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने कहा, जो हमारी माताओं-बहनों के माथे से सिंदूर मिटाने का दुस्साहस करेगा, उसका मिट्टी में मिलना तय है। भारत अब चुप नहीं बैठेगा, हर वार का जवाब हमारी शर्तों पर होगा। सेना को नमन और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का राष्ट्रवादी नेतृत्व के लिए अभिनंदन।

## पंजाब पुलिस ने तुर्किये में रह रहे तस्कर से जुड़े मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने तुर्किये में रह रहे एक तस्कर से जुड़े मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी और हवाला गिरोह पर एक बड़ी कार्रवाई में, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने तुर्किये में रह रहे तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर से जुड़े एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और उसके तीन सदस्यों गुरदीप सिंह उर्फ साब, प्रदीप शर्मा और मनी शर्मा को गिरफ्तार किया है।'' यादव ने बताया कि तस्करों के पास से 1.01 किलोग्राम हेरोइन, 1.06 करोड़ रुपये का हवाला धन (84.02 लाख रुपये नकद और 22 लाख रुपये फ्रीज बैंक खातों में) तथा नोट गिनने वाली एक मशीन और एक कार बरामद की गई। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार लोगों की पहचान अमृतसर निवासी टैक्सी चालक गुरदीप सिंह उर्फ साब (35), राजस्थान के बीकानेर निवासी प्रदीप शर्मा (29) और लुधियाना के कपड़ा व्यवसायी मणि शर्मा (36) के रूप में हुई है। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि आरोपी गुरदीप हवाला और नशा तस्करी का स्थानीय गिरोह नव भुल्लर के निर्देश पर संचालित कर रहा था। नव भुल्लर ने उसे अमृतसर में एक घर छिपने के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध कराया था और पूरे गिरोह को संचालित करने के लिए सभी तरह की सहायता भी प्रदान की थी।

## बिहार : नदी में नहाते समय तीन बच्चे लापता, तलाश जारी

**मोतिहारी :** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सोमवार को एक नदी में तीन बच्चे लापता हो गए, जिसके बाद उनकी तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। तीनों बच्चे रूपानी क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गए थे कि तभी वे तेज बहाव में बह गए। मधुबन थाने के प्रभारी संजीव मौआर ने कहा, ''गोताखोरों को बच्चों की तलाश में लगाया गया है, लेकिन वे अभी तक नहीं मिले हैं। हमने तलाशी अभियान में सहायता के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) को भी बुलाया है। एसडीआरएफ कल अभियान में शामिल होगी।'' उन्होंने बताया कि बच्चों की पहचान अंजलि कुमारी (9), नंदनी कुमारी (10) और चमचम कुमार (6) के रूप में हुई है।

## खदान में डूबने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में पानी से भरी खदान में नहाते समय एक महिला और उसके दो बच्चों समेत पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसने बताया कि यहां से करीब 20 किलोमीटर दूर उमरेड रोड पर कुही शहर के पास रविवार दोपहार यह हादसा हुआ। अधिकारियों ने कहा कि पांच लोगों का एक समूह पानी की गहराई का अंदाजा न लगा पाने के कारण एक के बाद एक डूब गया। उन्होंने कहा कि जब वे वापस नहीं लौटे तो चिंतित रिश्तेदारों ने स्थानीय पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिसकर्मियों और स्थानीय तैराकों ने सोमवार को शवों को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान ऐहतेशाम मुख्तार अंसारी (20), रज्जू उर्फ रंजना राउत (22), रोशनी चौधरी (32) और उसके बच्चों मोहित (10) और लक्ष्मी (8) के रूप में हुई है।

## इंडिगो ने 13 मई के लिए अमृतसर और पांच अन्य स्थानों की उड़ानें रद्द कीं

**नयी दिल्ली :** इंडिगो ने 13 मई के लिए जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट आने-जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। विमानन कंपनी ने सोमवार रात 11 बजकर 38 मिनट पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर और आपकी सुरक्षा को हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए, जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट से आने-जाने वाली उड़ानें 13 मई 2025 के लिए रद्द कर दी गई हैं।'' एयरलाइन ने यह भी कहा कि उसकी टीम सक्रियता से स्थिति पर नजर रख रही हैं। ये छह हवाई अड्डे उन हवाई अड्डों में शामिल हैं जिन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर अस्थायी रूप से बंद करने के बाद सोमवार को नागरिक उड़ानों के लिए पुनः खोल दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, सोमवार शाम को अमृतसर जाने वाला इंडिगो का एक विमान अमृतसर में एहतियाती 'ब्लैकआउट' उपाय लागू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आया।

# जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करना लोकतंत्र की पहली शर्त : मुख्यमंत्री




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि जनता को ज्यादा से ज्यादा सरल एवं सुगम सुविधाएं प्रदान करना लोकतंत्र की पहली शर्त होती है। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में नगरीय सेवा केंद्र (अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर) एवं 'सीनियर सिटीजन केयर सेन्टर' का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, जनता को ज्यादा से ज्यादा सरल एवं सुगम सुविधाएं प्रदान करना लोक तंत्र की पहली शर्त होती है। कारोबारी सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) एवं जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) इसके महत्वपूर्ण घटक हैं। लोगों को सुविधाएं देने से जीवन की सुगमता प्राप्त होती है। इसी प्रकार जब किसी व्यापारी की समस्या का समाधान सुगमता से होता है, तो उसे 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, लोकतंत्र में आम जनता की उपेक्षा नहीं की जा सकती है और जनता-जनार्दन को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भाव को अंगीकार करने के लिए हम सबको तैयार होना पड़ेगा। हमें प्रत्येक नागरिक को सुविधायुक्त बनाना पड़ेगा। जन सुनवाई के माध्यम से इस व्यवस्था को और भी सुदृढ़ किया जा सकता है। आदित्यनाथ ने कहा, हमारे मन में देश के विकास में योगदान देने का पवित्र भाव होना चाहिए। इसी भाव के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत आठ वर्षों से प्रदेश में नगरीकरण में तेजी से वृद्धि के लिए विस्तृत अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम गोरखपुर द्वारा आज महानगर वासियों को दो महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने गोरखपुर में नागरिक सुविधाओं के लिये राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत गोरखपुर नगर निगम द्वारा 14.22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नगरीय सेवा केंद्र एवं 'सीनियर सिटीजन केयर सेन्टर' का लोकार्पण किया।

## मुख्यमंत्री ने दिये गौ तस्करों पर तेजी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश

वाराणसी, : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी जोन के सीमावर्ती जिलों में अधिकारियों को गौ तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करने के सोमवार को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की प्रगति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने वाराणसी जोन के सीमावर्ती जिलों में गौ तस्करी और अवैध खनन की गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने गौ तस्करों एवं उनके संपर्क सूत्रों पर और तेजी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया और उनके जब्त वाहनों की नियमानुसार नीलामी कराने के भी आदेश दिये। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परियोजनाओं के निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों को हर हालत में सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में ग्राम प्रधान का गला कटा शव मिला

**चाईबासा (झारखंड), :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने सोमवार को एक ग्राम प्रधान का गला कटा हुआ शव बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जिले के खूंटपानी प्रखंड के बसाहातु गांव निवासी मंजीत हैबुरू रविवार को बाजार गए थे, लेकिन घर वापस नहीं आए। ग्रामीणों ने सोमवार सुबह बासा गमहरिया गांव में सड़क किनारे हैबुरू का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। अधिकारियों का कहना है कि पांड्रासाली चौकी प्रभारी मृणाल कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुमार ने कहा कि दोषियों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### उप्र के दो व्यक्ति झारखंड में नहर में डूबे

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक नहर में उत्तर प्रदेश के दो व्यक्ति डूब गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि एमजीएम थानाक्षेत्र में रविवार दोपहर चार लोग नहाने के लिए नहर में गए थे। पुलिस ने बताया कि उनमें से एक को डूबता देख समूह का दूसरा सदस्य मदद के लिए दौड़ा, लेकिन वह भी डूब गया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को गोताखोरों ने शवों को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अभिषेक सिंह और गौरव कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वे बांस का कारोबार करने वाले व्यवसायी थे।

### बस्ती में सड़क किनारे मां के साथ सो रही चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

**बस्ती (उप्र):** बस्ती जिले के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में अपनी मां के साथ सड़क किनारे सो रही चार साल की बच्ची को कथित तौर पर अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बांस से सामग्री बनाने वाली एक गरीब महिला अपनी बच्ची को लेकर रोज की तरह रात को सड़क के किनारे बिस्तर लगा कर सोई हुई थी और भोर में किसी ने बच्ची को अगवा कर लिया और पास की झाड़ी में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह मां की आंख खुली तो बच्ची गायब थी और जब उसकी तलाश शुरू की गई तो वह पास की झाड़ी में खून से लथपथ बेहोश पड़ी मिली।

## पंजाब के अमृतसर और होशियारपुर में एहतियातन 'ब्लैकआउट'

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर और होशियारपुर जिलों में सोमवार को एहतियाती 'ब्लैकआउट' उपाय लागू किए गए। अधिकारियों ने बताया कि जालंधर के कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई है। जालंधर के उपायुक्त हिमांशु अग्रवाल ने रात 9:15 बजे एक संदेश में कहा, 'एहतियाती उपाय के तौर पर, सुरनासी के आसपास के कुछ इलाकों में लाइट बंद कर दी गई है, क्योंकि ड्रोन देखे जाने की सूचना मिली है। हम उनकी पुष्टि कर रहे हैं। अभी तक कोई (पूर्ण) ब्लैकआउट लागू नहीं है। चिंता की कोई बात नहीं है, जैसा कि सशस्त्र बलों के अधिकारियों ने पुष्टि की है। वे हमेशा की तरह नियमित रूप से निगरानी कर रहे हैं।' पंजाब की पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा है। सीमा से लगे अमृतसर में हवाई हमले का सायरन बजाया गया। अमृतसर की उपायुक्त साक्षी साहनी ने एक संदेश में कहा, 'हम सतर्क हैं। हम ब्लैकआउट लागू कर रहे हैं।' उन्होंने लोगों से खिड़कियों से दूर रहने का आग्रह किया। अमृतसर प्रशासन ने नागरिकों से शांत रहने का आग्रह किया है। इसने कहा, 'बिजली आपूर्ति बहाल करने की तैयारी होने पर हम आपको सूचित करेंगे। घबराएं नहीं।' होशियारपुर जिले में, दसूया और मुकेरियां में ब्लैकआउट उपाय लागू किए गए। सोमवार को पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में सामान्य स्थिति देखी गई, बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी, हालांकि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति बनने के बाद एहतियात के तौर पर कुछ जिलों में स्कूल बंद रहे।

## बीएसएफ के शहीद उपनिरीक्षक का पार्थिव शरीर पटना लाया गया, बेटे ने कहा पिता पर गर्व है

**पटना :** जम्मू कश्मीर में आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी के दौरान शहीद हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उपनिरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार को पटना लाया गया। इस दौरान शहीद के बेटे इमरान रजा हवाई अड्डे पर चुपचाप खड़े रहे। उपनिरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज जम्मू कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात थे। इमरान रजा ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'मुझे अपने पिता पर गर्व है और मैं उन सभी को सलाम करता हूं, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।' उन्होंने कहा, 'मेरे पिता बहुत मजबूत व्यक्ति थे। मैंने उनसे आखिरी बार 10 मई (शनिवार) को सुबह साढ़े पांच बजे बात की थी। उनके दाहिने पैर में चोट लगी थी।



घायल होने के बाद उपनिरीक्षक इम्तियाज उसी शाम शहीद हो गए थे। सुरक्षाकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं हवाई अड्डे पर पुष्पांजलि अर्पित किए जाने के बाद इम्तियाज के पार्थिव शरीर को सारण जिले के नारायणपुर गांव स्थित उनके घर ले जाया गया। पूरे राजकीय सम्मान के साथ आज ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इम्तियाज का पार्थिव शरीर लेने के लिए बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, कई मंत्री और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हवाई अड्डे पर मौजूद रहे।

## उप्र सरकार ने आठ वर्ष में आतंकवादियों के 142 'स्लीपिंग मॉड्यूल' को गिरफ्तार किया, एक को मार गिराया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में आतंकवादियों के 142 'स्लीपिंग मॉड्यूल' (आतंकवादियों के सहयोगी) गिरफ्तार किए और एक आतंकवादी को मार गिराया। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के बीच यहां जारी एक बयान में दावा किया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले आठ वर्षों में न केवल अपराधियों की कमर तोड़ी बल्कि उत्तर प्रदेश में आतंकवादी संगठनों के 'स्लीपिंग मॉड्यूल' (सहयोगी) और असामाजिक तत्वों को भी पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। बयान में कहा गया है कि इस दौरान आदित्यनाथ सरकार ने न सिर्फ आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया बल्कि आतंकवाद का वित्त पोषण, धार्मिक उन्माद, फर्जी दस्तावेज व विदेशी घुसपैठ पर भी प्रहार किया। बयान के मुताबिक, उप्र सरकार ने पिछले आठ वर्षों में जहां एक ओर 230 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया, वहीं दूसरी ओर आतंकवादी संगठनों के 142 सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इसमें कहा गया है कि इनमें से 131 सहयोगी आतंकवादी संगठनों के सदस्यों को पनाह देने के साथ-साथ उन्हें गोपनीय सूचनाएं पहुंचाते थे जबकि एक आतंकवादी को मुठभेड़ में मार गिराया।

## न्यूज अपडेट

### मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों की सूची की जांच करें बीडीओ, सीआई: पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सोमवार को महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना में संभावित अनियमितताओं पर चिंता जताई और सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) तथा क्षेत्र निरीक्षकों (सीआई) को जांच कर तीन कार्य दिवसों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। मित्तल ने कहा कि प्रारंभिक जांच के बाद यह बात संज्ञान में आई है कि योजना के कई लाभार्थियों ने एक ही बैंक खाते के माध्यम से धनराशि प्राप्त की, जो योजना के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। आधिकारिक बयान में कहा गया, 'सभी बीडीओ और सीआई को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में वास्तविक लाभार्थियों की सूची सत्यापित करने और तीन कार्य दिवसों के भीतर जिला मुख्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।'

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव की आपराधिक मुकदमे के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव की वह याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें सांप के कथित रूप से दुरुपयोग को लेकर उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे और आरोप पत्र को चुनौती दी गई थी। आरोप पत्र में एल्विश यादव के खिलाफ रेव पार्टियां आयोजित कर विदेशियों को सांप के जहर का नशा करने के लिए आमंत्रित करने का भी आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने मौखिक रूप से कहा कि आरोप पत्र और प्राथमिकी में यादव के खिलाफ बयान हैं और इन आरोपों की सच्चाई का मुकदमे के दौरान पता लगाया जाएगा। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ याचिका खारिज कर दी। यादव की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन सिन्हा और अधिवक्ता निपुण सिंह ने दलील दी कि जिस व्यक्ति ने यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है, वह वन्यजीव अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि साथ ही उस पार्टी में ना तो यादव मौजूद थे और ना ही उनके पास से कोई बरामदगी हुई।

### उत्तर प्रदेश : माफिया अतीक अहमद के वकील और हत्या मामले में आरोपी विजय मिश्रा की याचिका खारिज

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माफिया अतीक अहमद के वकील और उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी विजय मिश्रा की पेरोल याचिका खारिज कर दी। मिश्रा ने अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यह याचिका दायर की थी। राज्य सरकार के वकील ने रविवार को विशेष सुनवाई में अदालत को बताया कि विजय मिश्रा की मां की अंत्येष्टि 11 मई (रविवार) को कर दी गई और उसके भाई वहां मौजूद थे, इसलिए पेरोल मंजूर करने की कोई जरूरत नहीं है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने राज्य सरकार के वकील की दलील सुनने के बाद कहा, जो व्यक्ति अंत्येष्टि करता है, वह अन्य अनुष्ठान भी करता है। मौजूदा मामला उमेश पाल की दिन दहाड़े हत्या से जुड़ा है और यदि याचिकाकर्ता को पेरोल पर रिहा किया जाता है तो उसके भागने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की पूरी संभावना है क्योंकि सह आरोपी अतीक अहमद की पत्नी शाईस्ता परवीन और गुड्डू मुस्लिम अब भी फरार हैं। अदालत ने कहा, चूंकि याचिकाकर्ता की मां का अंतिम संस्कार हो चुका है, इसलिए पेरोल की अर्जी अपना महत्व खो चुकी है। अतः यह याचिका बेकार हो चुकी है।

### कुशीनगर में बुद्ध पूर्णिमा पर शोभा यात्रा को रवाना किया गया

**कुशीनगर :** कुशीनगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 'पंचशील धम्म ध्वज' दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया। उन्होंने 'त्रिविध पावनी' (भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण) के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस अवसर पर तंवर ने कहा कि भगवान बुद्ध के सिद्धांत और उनके जीवन की घटनाएं सभी को शांति और ज्ञान की ओर ले जाती हैं। बौद्ध भिक्षु ज्ञानेश्वर भंते ने कहा कि गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में पूर्णिमा के दिन हुआ था। उन्हें बैसाख पूर्णिमा के दिन बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और इसी दिन 483 ईसा पूर्व में कुशीनगर में 80 वर्ष की आयु में उनका महापरिनिर्वाण हुआ था। तीनों ही घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन हुईं। भंते ने बताया, बुद्ध पूर्णिमा भगवान गौतम बुद्ध को याद करने का सबसे बड़ा त्योहार है। दुनिया में इससे बड़ा कोई संयोग नहीं हो सकता कि भगवान गौतम बुद्ध का जन्म बुद्ध पूर्णिमा के दिन हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही उन्हें बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध ने निर्वाण प्राप्त किया था।



## व्रत - त्यौहार

13.05.2025 : श्री श्री मां आनन्दमयी जयंती
14.05.2025 : देवर्षि नारद जयन्ती
16.05.2025 : संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत
17.05.2025 : कृष्ण पंचमी (जैन)

## घर हो या ऑफिस, हर जगह लोग करेंगे आपको पसंद, बस अपनाएं आचार्य चाणक्य के ये टिप्स

आचार्य चाणक्य की नीतियां आज भी जीवन के विभिन्न पहलुओं में मार्गदर्शन का काम करती हैं। आचार्य चाणक्य ने हमेशा सही दिशा में कार्य करने और सफलता पाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण गुणों पर जोर दिया है। उनके अनुसार व्यक्ति का आचार-व्यवहार, कार्य करने की शैली और दूसरों के प्रति सम्मान उसके व्यक्तित्व की पहचान बनाते हैं। खासकर ऑफिस और कार्यस्थल पर इन गुणों का पालन करने से न केवल व्यक्तिगत सफलता मिलती है, बल्कि आप अपने सहकर्मियों के बीच भी प्रिय बन सकते हैं। यदि आप एक नौकरीपेशा व्यक्ति हैं और चाहते हैं कि आप अपने कार्यस्थल पर सभी का आदर प्राप्त करें, तो चाणक्य की इन नीतियों को अपनाकर आप न केवल अपना काम बेहतर कर सकते हैं, बल्कि अपने करियर में नई ऊंचाइयां भी हासिल कर सकते हैं।

### टीम वर्क की अहमियत

आचार्य चाणक्य के अनुसार, जो व्यक्ति अपनी टीम को एक साथ लेकर चलता है, उसे सफलता जरूर मिलती है। टीम वर्क से न केवल आप खुद आगे बढ़ते हैं, बल्कि अपने साथ अपनी टीम को भी प्रोत्साहित करते हैं। इसलिए ऑफिस में काम करते समय टीम वर्क की भावना को हमेशा बनाए रखना चाहिए।

### समस्याओं का समाधान जल्दी करना

व्यक्ति को हर समस्या का सामना करने की कला आनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति में यह कला है, तो वह ऑफिस में आने वाली परेशानियों को चुटकियों में हल कर सकता है। जिन लोगों को केवल अपनी चिंता रहती है और वे दूसरों की मदद नहीं करते, उनके करियर में हमेशा समस्याएं बनी रहती हैं।


### ऑफिस में सभी का सम्मान

ऑफिस में चाहे कोई बड़ा हो या छोटा, सभी का सम्मान करना चाहिए। सम्मान देने से आपको भी सम्मान मिलता है और लोग आपकी इज्जत करते हैं। जो लोग अपने से छोटे पद वाले कर्मचारियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करते हैं, वे हमेशा सभी के प्रिय बने रहते हैं।

### दूसरों को अवसर देना

आचार्य चाणक्य के अनुसार, यदि आप किसी उच्च पद पर हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि ऑफिस में प्रतिभाशाली व्यक्तियों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। जब आप किसी की प्रतिभा को पहचानते हैं और उसे बढ़ावा देते हैं, तो न केवल वह व्यक्ति बल्कि आप भी इसका फायदा उठाते हैं। ऐसे व्यक्ति को हमेशा सम्मान मिलता है जो दूसरों को आगे बढ़ने का मौका देते हैं।

## 27 या 28 मई कब रखा जाएगा वट सावित्री व्रत?



मई सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास है, क्योंकि इस माह वट सावित्री का व्रत रखा जाएगा। यह व्रत पति की लंबी उम्र, तरक्की, खुशहाली और अच्छी सेहत के लिए रखा जाता है। इस दिन मुख्य रूप से सुहागिनें वटवृक्ष की पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और शिव का वास होता है, इसलिए इसकी उपासना करने से सुहागिन महिलाओं की सभी मनोकामनाएं पूरी व वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहती है।

वट सावित्री हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है और उत्तर प्रदेश, बिहार समेत मध्य प्रदेश में इसे भव्य तरीके से मनाया जाता है। यहां महिलाएं एकजुट होकर पूजा-पाठ करते हुए देवी सावित्री और पति सत्यवान की कथा का स्मरण करती हैं। लेकिन इस साल इस पर्व को लेकर असमंजस बना हुआ है। ऐसे में आइए वट सावित्री व्रत की तिथि और पूजा विधि के बारे में जानते हैं।

### कब रखा जाएगा वट सावित्री व्रत?

पंचांग के मुताबिक वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर रखा जाता है। इस साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत 26 मई 2025 को दिन में 12 बजकर 11 मिनट पर हो रही है। इसका समापन अगने दिन यानी 27 मई 2025 को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में 26 मई 2025 को वट सावित्री व्रत का व्रत रखा जाएगा।

### वट सावित्री व्रत 2025 पूजा का शुभ मुहूर्त

वट सावित्री व्रत के दिन सुबह 8 बजकर 52 मिनट से लेकर 10 बजकर 25 मिनट तक शुभ चौघड़िया मुहूर्त बन रहा है। इसके अलावा सुबह 11 बजकर 51 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक अभिजित मुहूर्त बना रहेगा। वहीं वट सावित्री व्रत के दिन दोपहर में 3 बजकर 45 मिनट से 5 बजकर 28 मिनट तक भी पूजा का शुभ योग बन रहा है। आप इस अवधि में उपासना कर सकती हैं।

### वट सावित्री व्रत 2025 शुभ योग

26 मई 2025 को वट सावित्री व्रत के दिन भरणी नक्षत्र बन रहा है, जो सुबह 8:23 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा इस तिथि पर शोभन व अतिगण्ड योग का संयोग रहेगा। वट सावित्री के दिन अभिजित मुहूर्त सुबह 11:54 से दोपहर 12:42 तक रहेगा।

### वट सावित्री व्रत की पूजा विधि

- वट सावित्री के दिन सुबह ही स्नान के बाद साफ वस्त्रों को धारण कर लें।
- अब पूरे घर में साफ-सफाई करते हुए गंगाजल का छिड़काव करें।
- अब वट वृक्ष की पूजा करने से पहले पीले व लाल रंग के वस्त्र धारण करें।

## लोक में शिव

सर्वेश तिवारी श्रीमुख

शिव को पतिरूप में पाने के लिए तपस्या करतीं माता पार्वती की परीक्षा लेने गए सप्तर्षियों ने कहा, किसके लिए तप कर रही हो देवी? उस शिव के लिए जिसके पास न घर है न दुआर? न खेत है न बाग-बगीचे? कुछ काम धाम करता नहीं, भांग खा कर मस्त पड़ा रहता है। जिसके पास स्वयं पहनने के लिए कपड़े नहीं वह तुमको क्या पहनाएगा भला? तुम जैसी विदुषी और सुन्दर कन्या का विवाह तो किसी राजकुल में होना चाहिए, छोड़ो यह तप, घर चलो...।

पार्वती जगदम्बा थीं, जानती थीं कि शिव पर केवल और केवल उन्हीं का अधिकार है। उसी अधिकार से कहा, 'सुनिए साधु बाबा! जिसने भेजा है, उससे जा कर कह दीजिये कि वे स्वयं मना करें, तब भी नहीं मानूँगी। शिव के लिए करोड़ जन्म लेने पड़ें, तब भी कोई दिक्कत नहीं पर पति चाहिए तो शिव ही चाहिए..।'

सप्तर्षियों की ड्यूटी पूरी हुई। वे हँसते हुए शिव के लोक चले। जा कर बताया, 'विवाह कर लीजिए देवता। माता नहीं मानेंगी..।'

शास्त्रों से इतर लोक में जो शिव पार्वती का स्वरूप है, उसके हिसाब से शिव इस सृष्टि के सर्वश्रेष्ठ पति हैं। माता पार्वती हमारे घर बार की सामान्य स्त्रियों की तरह बार बार पति से गुस्सा होती हैं और बेचारे भोले बाबा उनको मनाते रहते हैं और उनकी हर इच्छा पूरी करते रहते हैं। जीवन में धन-धान्य का नाम तक नहीं है, फिर भी पत्नी की कोई इच्छा खाली नहीं जाती। इसीलिए गाँव की लड़कियां अब भी सावन के सोमवार को शिव की आराधना कर के उन से उन्हीं जैसा वर मांगती हैं, 'भोला भाला पति, जिसके हृदय में पत्नी के लिए कोई छल न रहे। धन दौलत तनिक कम भी रहे पर गुस्सा होने पर पति मनाए। उसे उसकी पूरी प्रतिष्ठा, पूरा सम्मान दे, हर इच्छा पूरी करे।' इससे अच्छा पति और कैसा होगा...।

अब शिव की ओर से देखिये। वे हमेशा अपनी ही दुनिया में मगन रहने वाले पुरुष हैं। तपस्या में गए तो युगों युगों तक किसी की कोई चिन्ता ही नहीं। न घर, न पत्नी, न बच्चे, न सेवकों की चिन्ता...। औघड़दानी व्यक्तित्व जिसने जो मांगा, उसे वह सहज भाव से दे दिया। भारतीय पुरुष सामान्यतः ऐसे ही होते हैं। ऐसे व्यक्ति के साथ कोई स्त्री कैसे निबाह करे पर माता पार्वती ने किया...। उन्ही के रंग में रग गयीं। शिव दैत्यों को ऊटपटांग वरदान दे देते, फिर माता शक्तिरूप में आ कर उनसे मुक्ति दिलातीं। कभी विरोध नहीं किया, कभी हाथ नहीं रोका। संबंधों के मध्य धर्म था और धर्म के पीछे पीछे प्रेम, सो पति की बुराइयां भी अधिक बुरी नहीं लगीं। सो दुर्गम पहाड़ों के बीच भी जीवन स्वर्गिक हो गया।



पति की सामाजिक प्रतिष्ठा पत्नी ही तय करती है। शिव की शक्ति माता पार्वती ही थीं।

सच पूछिए तो जीवन में यदि धर्म के पथ पर हाथ पकड़ कर चलने वाला, निश्छल और प्रेम करने वाला संगी मिल गया तो जीवन सुन्दरतम हो जाता है। धन, वैभव, सामाजिक प्रतिष्ठा सब द्वितीयक हैं...।

प्रेम में बड़ी शक्ति होती है। सम्बन्धों को निभाने के लिए ढेर सारे संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती। धर्म, प्रेम और समर्पण हो तो हर सम्बन्ध चिरंजीवी हो जाता है और जीवन सुख से भर जाता है। कभी आजमा कर देखिएगा। पति पत्नी के बीच उपजे सामान्य विवादों को एक सहज मुस्कान समाप्त कर देती है।

भगवान शिव और माता पार्वती के वैवाहिक जीवन को भारतीय लोक ने आदर्श समझा और माना था, तभी भारतीय विवाहों में अब भी शिव पार्वती के ही गीत गाये जाते हैं। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### अमृतसर जा रहा इंडिगो का विमान दिल्ली लौटा

**नयी दिल्ली :** अमृतसर जा रहा इंडिगो का एक विमान एहतियात के तौर पर 'ब्लैकआउट' उपायों के लागू होने के बाद सोमवार शाम राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटराडार24.कॉम' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिल्ली से अमृतसर जा रहा विमान 6ई2045 कुछ देर उड़ान भरने के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। सूत्रों ने बताया कि एहतियातन 'ब्लैकआउट' के कारण अमृतसर हवाई अड्डा बंद होने के चलते विमान को वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में इंडिगो की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है। अमृतसर उन 32 हवाई अड्डों में शामिल है जिन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर अस्थायी रूप से बंद किए जाने के बाद सोमवार को नागरिक उड़ानों के लिए पुनः खोल दिया गया। सीमा से सटे अमृतसर में हवाई हमले का सायरन बजाया गया। अमृतसर की उपायुक्त साक्षी साहनी ने एक संदेश में कहा, ''हम सतर्क हैं। हम ब्लैकआउट लागू कर रहे हैं।'' उन्होंने लोगों से खिड़कियों से दूर रहने का आग्रह किया।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पांच दिवसीय यात्रा पर ओडिशा पहुंचे

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत पांच दिवसीय ओडिशा यात्रा के तहत सोमवार शाम भुवनेश्वर पहुंचे। इस यात्रा के दौरान भागवत संगठनात्मक बैठकों और प्रशिक्षण सत्रों की अध्यक्षता करेंगे। कड़ी सुरक्षा के बीच वह यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे तथा आरएसएस के वरिष्ठ नेताओं और स्वयंसेवकों ने उनका स्वागत किया। वैसे तो भागवत का यात्रा कार्यक्रम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन आरएसएस नेताओं ने कहा कि वह एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लेंगे और बंद कमरे में बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। आरएसएस के एक नेता ने कहा, ''वह कटक के गतिरौटपटना में संघ शिक्षा वर्ग में उपस्थित रहेंगे और परिसर के बाहर किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे।''

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाक गोलीबारी में शहीद हुए बीएसएफ अधिकारी को उपराज्यपाल ने श्रद्धांजलि दी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मंत्री सतीश शर्मा ने सोमवार को सीमा सुरक्षा बल के कांस्टेबल दीपक चिंगाखम की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र चढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चिंगाखम पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलीबारी में शहीद हो गए थे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसए के जम्मू सीमांत) के महानिरीक्षक शशांक आनंद एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी शहीद कांस्टेबल को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए वहां आये थे। कांस्टेबल दीपक चिंगाखम 10 मई को जम्मू जिले के आरएस पुरा इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा पार से की गई गोलीबारी के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और 11 मई को शहीद हो गए।

### गुजरात में सड़क हादसे में तीन भाइयों समेत पांच लोगों की मौत

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद जिले के धोलेरा कस्बे के निकट सोमवार को एक वाहन (एसयूवी) की एक कार से टक्कर हो जाने से तीन भाइयों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। धोलेरा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर करीब तीन बजे संधेड़ा गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में तीन लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारी ने बताया, ''अहमदाबाद-भावनगर राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार एसयूवी विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गयी। एसयूवी में कुल छह लोग सवार थे, जबकि कार में दो महिलाएं सवार थीं।'' एसयूवी वाहन में सवार लोग भावनगर से अहमदाबाद लौट रहे थे। एसयूवी सवार छह लोगों में से चार की मौके पर ही मौत हो गयी, जिनमें से तीन सगे भाई थे जबकि एक अन्य उनका चचेरा भाई था। उन्होंने बताया कि मरने वालों में कार सवार एक महिला शामिल है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

# नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 उपग्रह निरंतर निगरानी कर रहे हैं: इसरो प्रमुख



**इम्फाल :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी. नारायणन ने कहा है कि देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 उपग्रह लगातार 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। नारायणन ने रविवार को मणिपुर की राजधानी इम्फाल स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि भारत एक ऊर्जावान अंतरिक्ष शक्ति बनता जा रहा है और वर्ष 2040 तक देश का पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसरो प्रमुख ने कहा, ''आज 34 देशों के 433 उपग्रह भारत से अंतरिक्ष में छोड़े गए हैं और उन्हें उनके कक्ष में स्थापित किया गया है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आज 10 उपग्रह देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामरिक उद्देश्य से लगातार 24 घंटे कार्य कर रहे हैं।'' उनकी यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में आई है। देश ने सात मई को तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था, जिसका उद्देश्य पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था। भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोकने पर शनिवार को सहमति बनी थी। डॉ नारायणन ने कहा, यदि हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो हमें उपग्रहों का उपयोग करना होगा। हमें अपने 7,000 किलोमीटर लंबे समुद्री तट की निगरानी करनी है। हमें पूरे उत्तर भारत को लगातार निगरानी में रखना है। यह कार्य उपग्रह और ड्रोन तकनीक के बिना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि इसरो जी20 देशों के लिए एक विशेष उपग्रह विकसित कर रहा है, जिसका उद्देश्य जलवायु, वायु प्रदूषण और मौसम की निगरानी करना है। उन्होंने कहा, ''आज, यह हमारी उपलब्धि है कि हमने प्रक्षेपण वाहनों की एक पीढ़ी विकसित कर ली है। हमारा पहला उपग्रह 1975 में प्रक्षेपित हुआ था। तब से लेकर आज तक हमने विभिन्न प्रकार और क्षमताओं के 131 उपग्रहों की परिकल्पना की है और उनका निर्माण किया है।''

### नागपुर में आरएसएस का 'कार्यकर्ता विकास वर्ग' शिविर हुआ शुरू

**नागपुर (महाराष्ट्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का यहां 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को प्रारंभ हुआ, जिसमें 840 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। आरएसएस की संचार शाखा 'विश्व संवाद केंद्र' की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 'कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीया' नागपुर के रेशिमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में आयोजित किया जा रहा है। देश भर से स्वयंसेवक इस शिविर में भाग ले रहे हैं, जिसका समापन पांच जून को एक सार्वजनिक समारोह के साथ होगा। शिविर में जम्मू कश्मीर से भी स्वयंसेवक पहुंचे हैं। इस शिविर में 40 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवक शामिल होते हैं, जो पहले ही आरएसएस के 'प्रांत' और जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके होते हैं। बयान में कहा गया है कि इस शिविर का उद्देश्य एक निश्चित अवधि में कार्यकर्ताओं का तीव्र विकास सुनिश्चित करना है, ताकि उनके माध्यम से आरएसएस संगठन का विकास हो सके।

## दिल्ली को देश का नंबर एक राज्य बनाना चाहते हैं: रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि उन्होंने एक विकसित दिल्ली के निर्माण की जिम्मेदारी पूरी करने का ईश्वर से वादा किया है। मयूर विहार फेज एक में उत्तरा गुरुवायुरप्पन मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव में भाग लेते हुए गुप्ता ने कहा, ''मैं चाहती हूं कि दिल्ली हर तरह से देश का नंबर एक राज्य बने।'' गुप्ता ने लोगों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार लोगों की है और उनके कल्याण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, ''हम कंधे से कंधा मिलाकर, कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।'' उन्होंने समारोह के दौरान श्रद्धालुओं और समुदाय के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि मंदिर का माहौल उन्हें अन्य दक्षिण भारतीय मंदिरों की याद दिलाता है, जहां वे पहले भी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहने वाले मलयाली समुदाय ने उसी पवित्र और सांस्कृतिक माहौल को सफलतापूर्वक फिर से बनाया है। उन्होंने कहा, मैं यहां के समुदाय को मुझ पर भरोसा करने और मुझे मुख्यमंत्री के रूप में चुनने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने समारोह में लोगों से आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण कराने का भी आग्रह किया और कहा कि स्वास्थ्य योजना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करेगी।

## दिल्ली: जहरीले धुएं के कारण परिवार के चार सदस्यों में से दो लोगों की मौत, आत्महत्या की आशंका

**नयी दिल्ली :** उत्तरी दिल्ली के संगम पार्क इलाके में कथित तौर पर जहरीले धुएं की चपेट में आने से परिवार के दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गयी पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है और चिकित्सकों की देखरेख में मौजूद माता-पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया कि घटना संगम पार्क इलाके में 'डीएसआईडीसी शेड' नंबर 63 में बाइक हॉर्न की विनिर्माण इकाई में हुई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान जगदीश सिंह (16) और हरगुल कौर (15) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले बच्चे विनिर्माण इकाई के मालिक हरदीप सिंह और उनकी पत्नी हरप्रीत कौर (38) के थे। पुलिस के मुताबिक, पूरा परिवार सुबह शेड में पहुंचा था और परिसर के अंदर फैले जहरीले धुएं की चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि परिवार को व्यवसाय में भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा था। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने के बाद हरदीप सिंह और उनके बच्चों को हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि हरप्रीत कौर को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि जगदीश और हरगुल की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि हरदीप और उनकी पत्नी अभी भी चिकित्सकों की निगरानी में हैं तथा उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## यह सुनिश्चित करें कि ट्रेवल एजेंट आपातकालीन कोटे का दुरुपयोग न करें: रेल मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आपातकालीन कोटे के तहत रेलगाड़ियों में सीट या बर्थ आरक्षण के लिए ट्रेवल एजेंट से प्राप्त किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। मंत्रालय का यह निर्देश इस कोटे के दुरुपयोग की आई शिकायतों के बाद आया है। मंत्रालय ने सभी 17 रेलवे जोन के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को लिखे एक लिखित निर्देश में कहा, ''आपातकालीन कोटे से अनधिकृत रूप से सीट आवंटित करने के प्रयास के मामले इस कार्यालय के संज्ञान में लाये गए हैं।'' मंत्रालय ने आपातकालीन कोटे से सीट आवंटित करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए 2011 में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे और जब भी उसे इसके दुरुपयोग के बारे में शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो वह संबंधित अधिकारियों के अनुपालन के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं को दोहराता है। मंत्रालय ने कहा, ''आपातकालीन कोटा आवंटन के संबंध में समय-समय पर जारी मौजूदा दिशानिर्देशों का सही भावना से पालन किया जाना चाहिए।'' इसमें कहा गया है, ''आपातकालीन कोटे से सीट आवंटित करने के लिखित अनुरोध पर राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए।'' मंत्रालय के अनुसार, आपातकालीन कोटे से सीट आवंटित करने का अनुरोध प्राप्त होने के बाद, हस्ताक्षरकर्ता से उसका नाम, पदनाम, टेलीफोन नंबर/मोबाइल नंबर और यात्रियों में से किसी एक का मोबाइल नंबर बताने के लिए कहा जाना चाहिए। इसने आगे सलाह दी है कि प्रत्येक अधिकारी/अनुभाग/महासंघ आपातकालीन कोटे के लिए आवेदन और उसके विवरण दर्ज करने के लिए एक रजिस्टर बनाएगा, जिसमें सभी ऐसे अनुरोधों को डायरी में दर्ज किया जाएगा, जिसमें यात्रा का पूरा विवरण और यह भी दर्शाया जाएगा कि अनुरोध किस स्रोत से प्राप्त हुआ है। अधिकारियों को अनुचित अनुरोधों से बचने के लिए आगाह करते हुए मंत्रालय ने कहा, ''ट्रेवल एजेंट से प्राप्त आपातकालीन कोटे से सीट आवंटित करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।''

## मणिपुर के शहीद बीएसएफ जवान दीपक के पिता ने कहा: मुझे अपने बेटे पर गर्व है

**इंफाल :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान दीपक चिंगाखम की मौत पर परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के गमगीन होने के बीच उनके पिता ने कहा कि उन्हें अपने 25 वर्षीय बेटे के बलिदान पर गर्व है। जम्मू कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में गोलाबारी के दौरान घायल होने के बाद दीपक की मृत्यु हो गयी थी। शहीद जवान के पिता चिंगाखम बोनीबिहारी सिंह ने कहा, ''हमें उसके बलिदान पर गर्व है। वह अप्रैल 2021 में बीएसएफ में शामिल हुआ था और परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण मैं काम करने में असमर्थ हूं।'' दीपक के छोटे भाई चिंगाखम नाओबा सिंह ने कहा, ''वह मुझे अक्सर फोन करते थे, मुझसे पूछते थे कि मुझे क्या चाहिए और हमेशा मुझसे कहते थे कि जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करो। अब वह दुनिया से चले गए हैं। मैं पूरी तरह से टूट चुका हूं।'' दीपक की मां भी सदमे में हैं और वह लगातार रो रही हैं एवं अपने बेटे को वापस लाने की मांग कर रही हैं।

## गुजरात उच्च न्यायालय ने 13 वर्षीय बलात्कार पीड़िता के 33 सप्ताह के गर्भ को गिराने की

**अहमदाबाद :** गुजरात उच्च न्यायालय ने सोमवार को 13 वर्षीय बलात्कार पीड़िता के 33 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी। करीब एक सप्ताह पहले विशेष पॉक्सो अदालत ने उसकी याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति एन देसाई ने कहा कि चिकित्सा संबंधी राय से संकेत मिलता है कि गर्भावस्था का समापन संभव है, हालांकि इस प्रक्रिया में जटिलता का उच्च जोखिम है क्योंकि लड़की एनीमिया से पीड़ित है। राजकोट निवासी पीड़िता के साथ उसके पड़ोसी ने तब कथित तौर पर बार-बार बलात्कार किया, जब उसकी मां और सौतेले पिता काम के लिए बाहर होते थे। मामले में तीन मई 2025 को प्राथमिकी दर्ज की गई। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम मामलों की विशेष अदालत ने अवांछित गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम के तहत गर्भावस्था के 20 सप्ताह के बाद गर्भपात सामान्यतः निषिद्ध है, लेकिन न्यायालय कुछ ऐसे मामलों में इसकी अनुमति दे सकता है, जैसे भ्रूण में असामान्यता, गर्भवती मां के स्वास्थ्य को खतरा, या वह यौन उत्पीड़न की शिकार हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसने इस तथ्य पर विचार किया है कि पीड़िता केवल 13 वर्ष की है और उसके सामने अभी लंबा जीवन है। अदालत ने कहा कि चूंकि एमटीपी (गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन) संभव है, इसलिए इसे उसके माता-पिता से लिखित सहमति प्राप्त करने के बाद ही किया जाना चाहिए, जिसमें यह बताया जाना चाहिए कि वे जोखिम को समझते हैं।

## एलओसी के नजदीकी गांवों के लोगों ने घर वापसी शुरू की, पाकिस्तानी गोलाबारी से भागने को हुए थे मजबूर

**श्रीनगर :** पाकिस्तानी सेना की भारी गोलाबारी के कारण भागने को मजबूर हुए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के गांवों के लोग सोमवार को घर लौटने लगे। अधिकारियों ने बताया कि बम निरोधक दस्तों द्वारा रिहायशी इलाकों से बचे हुए या बिना फटे हुए बमों को हटाने के बाद स्थानीय निवासी अपने गांवों की ओर वापस लौट आए। उरी के कमलकोट इलाके के निवासी अरशद अहमद ने बताया, हमें खुशी है कि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया है। हमें यह भी उम्मीद है कि पाकिस्तान फिर से ऐसी हरकतें नहीं करेगा। कुछ निवासियों ने देखभाल के लिए सेना और अन्य सुरक्षा बलों की प्रशंसा की। नियंत्रण रेखा के पास उरी की निवासी महक खुर्शीद ने कहा, भारतीय सेना ने शानदार काम किया। सेना को जवाब देना था और उसने यह बखूबी किया। वे (सेना के जवान) हमारे नायक हैं, वे हमेशा हमारी मदद करते हैं। अब भी, जब हम उरी वापस जा रहे हैं, तो उन्होंने जगह की अच्छी तरह से जांच की (गोलों के लिए)। उरी के विधायक सज्जाद शफी ने सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों के निवासियों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध चीज को न छूने की अपील की है। शफी ने कहा, उन्हें (स्थानीय निवासियों को) किसी भी संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत अधिकारियों को देनी चाहिए, ताकि उसका उचित तरीके से निपटान किया जा सके। जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने रविवार को सीमावर्ती गांवों के निवासियों से कहा था कि वे जल्दबाजी में वापस न आएं, क्योंकि आवासीय क्षेत्रों की अब तक सफाई नहीं की गई है और किसी भी अज्ञात गोले को हटाया नहीं गया है। बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा के पास के गांवों के 1.25 लाख से अधिक निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था। पाकिस्तानी गोलाबारी में उनके घरों को निशाना बनाए जाने का बहुत अधिक खतरा था, इसलिए इन लोगों को यहां से हटाया गया था। पुलिस ने रविवार को एक परामर्श में बताया, सीमावर्ती गांवों में वापस न लौटें। पाकिस्तानी गोलाबारी के बाद अज्ञात गोला-बारूद के बिखरे होने के कारण जान को खतरा हो सकता है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने हरिद्वार में गंगा में लगाई डुबकी



**हरिद्वार :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हरिद्वार में हरकी पौड़ी सहित सभी स्नान घाटों पर गंगा नदी में डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना की। स्नान पर्व पर भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बैशाख मास की पूर्णिमा यानी बुद्ध पूर्णिमा को हरिद्वार में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला जहां सुबह से ही गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मनगरी पहुंचने लगे। मान्यता है कि समाज को नयी दिशा प्रदान करने के लिए बुद्ध पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने धरती पर गौतम बुद्ध के रूप मे अवतार लिया था। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था और मेला क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी भी की जा रही थी।

## पाकिस्तानी गोलाबारी के कारण घर छोड़कर गए लोग अब लौट सकते हैं: उमर अब्दुल्ला



**पुंछ/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में हाल की पाकिस्तानी गोलाबारी से युद्ध जैसे हालात पैदा हुए और जो लोग अपने घर छोड़ गए थे, वे वापस आ सकते हैं क्योंकि दोनों देशों के बीच अब एक सैन्य सहमति बन गई है। अब्दुल्ला ने पाकिस्तानी सेना के जारी दुष्प्रचार को भी खारिज करते हुए कहा कि पड़ोसी देश इसे जारी रखेगा, लेकिन वास्तविकता दुनिया को पता है। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''उन्हें (सीमावर्ती निवासियों को) अब अपने घर लौटने का प्रयास करना चाहिए। पुंछ शहर का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा खाली है। जब गोलाबारी हो रही थी, तब वे अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गए थे। अब गोलाबारी बंद हो गई है, तो वे अपने घरों को लौट सकते हैं।'' मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने अपने कैबिनेट सहयोगी जावेद राणा, सलाहकार नासिर असलम वानी और विधायक ऐजाज जान के साथ सोमवार को पुंछ और सुरनकोट क्षेत्रों में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और क्षेत्र में बंकर स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। अब्दुल्ला के साथ उनके बेटे जमीर और जहीर भी साथ थे। अब्दुल्ला ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हाल की स्थिति को युद्ध जैसी स्थिति बताया, जिसमें पुंछ जिले में सबसे भारी गोलाबारी हुई। उन्होंने कहा, ''पिछले तीन-चार दिनों से जम्मू कश्मीर में युद्ध जैसा माहौल था। सीमापार से गोलाबारी का खामियाजा भुगतने वाले सभी क्षेत्रों में पुंछ सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।''

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद भाजपा निकालेगी 'तिरंगा यात्रा'

**नयी दिल्ली :** 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार से देशभर में 11 दिवसीय 'तिरंगा यात्रा' निकालेगी। भाजपा के एक नेता ने कहा कि पार्टी 13 से 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में समाज के प्रमुख सदस्यों समेत लोगों को पाकिस्तान एवं उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत के सफल अभियान के पक्ष में लामबंद करना चाहती है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस यात्रा का स्वर स्पष्ट रूप से राजनीतिक नहीं होगा लेकिन वे एक ऐसे मुद्दे पर लोगों को एकजुट करना चाह रहे हैं, जिसे समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है। केंद्रीय मंत्रियों और संगठनात्मक पदाधिकारियों समेत वरिष्ठ भाजपा नेता इस अभियान में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्रियों-- अमित शाह, राजनाथ सिंह और जे पी नड्डा (पार्टी अध्यक्ष) समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं ने रविवार को इस मुद्दे पर चर्चा की थी। नड्डा ने सोमवार को तरुण चुघ, विनोद तावड़े और दुष्यंत गौतम समेत पार्टी महासचिवों के साथ बैठक की और इस अभियान को अंतिम रूप दिया।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी दंपति और उसके चार बच्चों को पकड़ा गया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के बवाना इलाके में रह रहे चार बच्चों समेत छह बांग्लादेशी घुसपैठियों के परिवार को पकड़ा गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि साहिदुल हुसैन (45) और उसकी पत्नी पारुल बेगम (35) अपने चार बच्चों के साथ पांच साल से अधिक समय से राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर बवाना के झुग्गियों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई, जहां परिवार रह रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, '' शुरुआती पूछताछ के दौरान दंपति ने बांग्लादेशी मूल का होने से इनकार किया और कोई भी वैध भारतीय पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे। हालांकि, लगातार पूछताछ के बाद उनके पास से बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद हुए और अंततः उन्होंने स्वीकार कर लिया कि वे पड़ोसी देश के हैं।'' पुलिस के मुताबिक हुसैन ने खुलासा किया कि वह 2019 में अपने परिवार के साथ पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। वह बांग्लादेश के कुरीग्राम जिले स्थित कामलारकुटी गांव का निवासी है, जहां से वे बालाहाट पहुंचे और बिना बाड़ वाले खेतों से होते हुए सीमा पार की।

## भारत के पास है पर्याप्त खाद्यान्न भंडार: केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी




**हुबली (कर्नाटक) :** आवश्यक वस्तुओं की कमी की आशंकाओं को खारिज करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोमवार को कहा कि देश में पर्याप्त खाद्य भंडार है। इसके साथ ही उन्होंने जमाखोरी, कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पैदा करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर अफवाहों के कारण नहीं घबराएं और न ही खाद्यान्न खरीदने के लिए बाजारों में भीड़ लगाएं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री जोशी ने कहा, ''हमारे पास प्रचुर मात्रा में खाद्यान्न हैं। हमारे पास कम से कम एक से डेढ़ साल के लिए पर्याप्त 'बफर स्टॉक' है। हमने अपने विभाग से राज्यों को जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हमने कृत्रिम कमी पैदा करने के खिलाफ स्पष्ट चेतावनी दी है।'' उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि दालें और खाद्य तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा लोगों को किसी भी कारण से भीड़ लगाने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके लिए एक बड़ी व्यवस्था मौजूद है। उन्होंने कहा, ''चावल, गेहूं और अन्य खाद्यान्नों का हमारा उत्पादन बहुत अधिक है, इसलिए किसी को भी चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि कोई कालाबाजारी जैसी गतिविधियों में लिप्त है, तो राज्य सरकारों को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में भारत और पाकिस्तान के बीच 'संघर्षविराम' लागू है तथा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि भारत अपनी धरती पर भविष्य में होने वाली किसी भी आतंकवादी घटना को 'युद्धक कार्रवाई' के रूप में लेगा तथा उसी के अनुसार जवाब देगा। उन्होंने कहा, ''हम आतंकवाद को एक अलग गतिविधि नहीं मानेंगे और इसे युद्ध की कार्रवाई मानेंगे।'' उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने हर स्तर पर सर्वदलीय बैठकें बुलाई हैं और समय-समय पर विपक्षी दलों के साथ सूचनाएं साझा की गई हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्रालय विशेष संसद सत्र की मांग और अन्य चीजों पर कुछ टिप्पणी कर सकेगा।

### दिल्ली की तिहाड़ जेल में सुरक्षा बढ़ाई गई, आतंकवाद के आरोपियों पर नजर: सूत्र

**नयी दिल्ली :** 12 मई (भाषा) सुरक्षा की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर तिहाड़ जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जेल के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले, खासकर उन वार्ड पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां गैंगस्टर और आतंकवाद के आरोपी हैं। सूत्रों के अनुसार, विस्तृत उपायों के तहत बहुस्तरीय सुरक्षा जांच, अतिरिक्त सीसीटीवी कवरेज और सख्त निगरानी प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। एक सूत्र ने बताया, ''हाल के घटनाक्रमों ने पूर्ण सुरक्षा जांच को बढ़ावा दिया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जा रही है और गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले कैदियों पर चौबीसों घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है।


## रेलवे ने सहरसा में रनिंग रूम में एसी लगाना शुरू किया, ट्रेन चालकों को हो रही थी दिक्कत

**नयी दिल्ली :** पूर्व मध्य रेलवे जोन ने सहरसा जंक्शन पर 'रनिंग रूम' में वातानुकूलित इकाइयां लगाना शुरू कर दिया है, क्योंकि लोको पायलट ने घर से बाहर आराम करने के लिए उनका उपयोग करने से इनकार कर दिया था। ट्रेन चालकों (लोको पायलट) ने कहा कि नौ मई को जब तापमान काफी अधिक था, तो उन्होंने स्टेशन के पास स्थित 'रनिंग रूम' का बहिष्कार किया और 'क्रू लॉबी' में आराम किया। 'रनिंग रूम' ट्रेन लोको पायलट और गार्ड के लिए ड्यूटी के बाद आराम करने का स्थान होता है। सहरसा जंक्शन समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत आता है। समस्तीपुर मंडल ने 'रनिंग स्टाफ' (ट्रेन चालक और गार्ड) की चिंता को दूर करने के लिए त्वरित कदम उठाया और सभी कमरों और सामान्य क्षेत्रों के लिए 273 एयरकंडीशनर (एसी) का ऑर्डर दिया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, ''एसी की आपूर्ति शुरू होते ही उसे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी और अब कई कमरों में एयर कंडीशनर लगा दिये गए हैं।'' उन्होंने बताया कि एक या दो दिन में सभी कमरों में एसी लगा दिए जाएंगे। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष डी. पी. श्रीवास्तव ने बताया कि समस्तीपुर मंडल गर्मी के मौसम में 'रनिंग रूम' में एसी लगाने के लिए निजी कंपनियों को ठेका देता था। उन्होंने कहा, ''निजी कंपनियां टेंडर अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद सभी एसी हटा देती थीं। इसके बाद रेलवे प्रशासन अगले साल की गर्मी के मौसम के लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू करता था।''

# कोहली के टेस्ट संन्यास के बाद अब तेंदुलकर का सौ शतकों का रिकॉर्ड टूटना मुश्किल?



## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों जैसे तेवर वाले गैर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कोहली : चैपल



**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने कहा कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना 'एक शानदार युग का अंत है'। भारत के पूर्व मुख्य कोच चैपल ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' के लिए अपने कॉलम में कहा कि कोहली ने भारत की क्रिकेट पहचान पर सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने कॉलम में लिखा कि कोहली का टेस्ट करियर 2011 में शुरू हुआ और उनका एक दशक से अधिक लंबा करियर संयम, जोश और निडरता से भरा हुआ था।

## बचपन के कोच शर्मा ने कहा, कोहली ने शिखर पर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहकर मिसाल कायम की

**नयी दिल्ली :** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनके शिष्य ने अपने करियर के चरम पर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहकर मिसाल कायम की है। कोहली ने सोमवार को खेल के पारंपरिक प्रारूप से संन्यास की घोषणा की जिसमें उन्होंने 123 टेस्ट मैचों में 30 शतकों की मदद से 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए। वह अब सिर्फ एक दिवसीय क्रिकेट में खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। शर्मा ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, 'उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहकर मिसाल कायम की है। हमने अक्सर देखा है कि हमारे क्रिकेटरों का संन्यास अच्छा नहीं होता, लेकिन हर कोई इस तरह संन्यास लेना चाहेगा। वह काफी क्रिकेट खेल सकता था, उसके अंदर अभी बहुत क्रिकेट बचा है। लेकिन विराट का 'स्टाइल' हमेशा ही ऐसा रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैं उससे बात करूंगा, लेकिन यह उसका फैसला है। मैं उसके फैसले की सराहना करता हूं। भारतीय टीम में उसके योगदान और देश के लिए जो कुछ किया, उसके योगदान को सलाम करता हूं।' कोहली को भारत का सबसे सफल टेस्ट कप्तान होने का गौरव प्राप्त है जिन्होंने टीम को 68 में से 40 मैच में जीत दिलाई। शर्मा ने कहा, 'हर कोई जानता है कि जब वह कप्तान बने तो उन्होंने भारतीय टीम की पूरी संस्कृति को बदल दिया जिसमें शारीरिक फिटनेस से लेकर विदेशों में जीत की संस्कृति शामिल रही। यह बहुत बड़ा योगदान है। उसका करियर शानदार रहा। मुझे उस पर गर्व है।'

नयी दिल्ली : अगर कोई खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड तोड़ सकता था तो वह विराट कोहली थे और अब उनके टेस्ट प्रारूप से संन्यास के बाद लगता है कि शायद ही कभी यह रिकॉर्ड टूटे। तेंदुलकर के सौ शतक पूरे होने के बाद 2012 में एक सम्मान समारोह में जब उनसे पूछा गया कि उनका रिकॉर्ड कौन तोड़ सकता है तो उन्होंने बेहिचक दो नाम लिये थे, 'विराट कोहली और रोहित शर्मा।' दोनों ने इसकी उम्मीदें भी अपने शानदार टेस्ट कैरियर से जगाई थी लेकिन पिछले एक सप्ताह के भीतर रोहित और विराट दोनों ने पारंपरिक प्रारूप से विदा ले ली। पिछले साल दोनों ने टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था और अब सिर्फ एक दिवसीय प्रारूप खेलेंगे। तेंदुलकर ने 200 टेस्ट में 51 और 463 वनडे में 49 शतक बनाये थे। वहीं कोहली ने 123 टेस्ट में 30, 302 वनडे में 51 और 125 टी20 मैचों में एक शतक बनाया है और सर्वाधिक शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर हैं। पूर्व कप्तान रोहित ने टेस्ट में 12, वनडे में 32 और टी20 में पांच समेत कुल 49 शतक लगाये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक जड़ने वाले बल्लेबाजों की सूची में तेंदुलकर और कोहली के बाद आस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (71), श्रीलंका के कुमार संगकारा (63), दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (62) और हाशिम अमला (55), श्रीलंका के माहेला जयवर्धने (54) क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। कोहली के समकालीन इंग्लैंड के जो रूट (53), आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ(48) और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन (48) भी कैरियर की ढलान पर हैं और उनके भी शतकों के शतक तक पहुंचने की संभावना नहीं हैं। 36 वर्ष के कोहली की बात करें तो उनकी 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले एक दिवसीय विश्व कप में खेलने की प्रबल संभावना है। उससे पहले भारत को 27 वनडे ही खेलने हैं जिनमें बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त सितंबर में तीन मैचों की श्रृंखला शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

**बीलेफेल्ड (जर्मनी) :** एशियाई खेलों के दोहरे पदक विजेता भारतीय ड्रेसेज घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने यहां होल्टकैम्पर ड्रेसटेंज ग्रां प्री में 69.44 प्रतिशत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया। यह उनके नए घोड़े एट्रो के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन था। यह उनकी साथ में दूसरी ही ग्रां प्री थी। 2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने कहा, 'मुझे हमारे प्रदर्शन पर गर्व है। एट्रो और मैंने कम समय में एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा है। इसके पीछे कई महीनों की कड़ी मेहनत रही है। हालांकि अब भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यह सत्र की एक मजबूत शुरुआत है और मैं यहां से आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं।' यह जोड़ी अब इस सप्ताह के अंत में बेल्जियम के लियर में प्रतिस्पर्धा करेगी।

### ईशप्रीत चड्ढा ने पंकज आडवाणी को हराकर एनएससीआई बॉल्कलाइन स्नूकर खिताब जीता

मुंबई : ईशप्रीत चड्ढा ने नौ घंटे तक चले मैराथन फाइनल में अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 10-7 से हराकर एनएससीआई बॉल्कलाइन स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। चड्ढा ने 'बेस्ट-ऑफ-19' फ्रेम के फाइनल में 62-45, 4-77, 59-35, 7-65, 68-12, 57-66, 19-60, 90 (90)-0, 33-70, 0-97 (97), 99 (94)-16, 75 (67)-35, 75-27, 68-31, 83 (68)-10, 6-122 (122), 73-72 से जीत हासिल की। आडवाणी ने एक समय 4-3 की बढ़त बना ली थी लेकिन चड्ढा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ दिया। आडवाणी ने फाइनल में एकमात्र शतकीय ब्रेक 16वें फ्रेम में 122 बनाकर हासिल किया। पर चड्ढा ने 17वें फ्रेम में फाइनल खत्म कर दिया। चड्ढा पिछले साल के फाइनल में आडवाणी से 8-10 से हार गए थे और मार्च में सीसीआई स्नूकर क्लासिक में भी उनसे 6-8 से हार गए थे।

### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप में भारत सेमीफाइनल में, नेपाल के खिलाफ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचने का लक्ष्य

**युपिया (अरुणाचल प्रदेश) :** सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम की निगाहें मंगलवार को यहां नेपाल के खिलाफ मैच में जीत से ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। भारत ने पिछले सप्ताह अपने अभियान के पहले मैच में श्रीलंका को 8-0 से हराया था।

## एक युग का अंत, कोहली के संन्यास पर कहा क्रिकेट जगत ने

**नयी दिल्ली :** टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के संन्यास को 'एक युग का अंत' करार देते हुए क्रिकेट समुदाय ने इस महान बल्लेबाज की तारीफों के पुल बांधे हैं। 36 वर्ष के कोहली ने 123 मैचों में 46 . 85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। वह टी20 क्रिकेट से पहले ही विदा ले चुके हैं। बीसीसीआई ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट में एक युग का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उनका योगदान हमेशा याद रखा जायेगा।' बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने एक बयान में कहा, 'विराट कोहली का नाम टेस्ट क्रिकेट में अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ रखा जाएगा। उन्हें सिर्फ रनों की भूख ने ही नहीं बल्कि खेल के सबसे मुश्किल प्रारूप में उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने दूसरों से अलग किया।' उन्होंने कहा, 'उनके नेतृत्व ने भारत के विदेशों में प्रतिस्पर्धा करने के तरीके में बदलाव किया जो आक्रामकता से खेलना, विश्वास करना और दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्थान के लिए समझौता नहीं करना था। उन्होंने एक पीढ़ी को गर्व करने के लिए प्रेरित किया और भारतीय क्रिकेट पर उनका प्रभाव आने वाले दशकों तक महसूस किया जाएगा।' भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लिखा,'शेर की तरह जुनून वाला एक इंसान। तुम्हारी कमी खलेगी।' आईसीसी ने कहा,' भारत के महान टेस्ट क्रिकेटरों में से एक विराट कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से विदा ली। सफेद जर्सी नहीं पहनेंगे लेकिन ताज बरकरार रहेगा। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली।' आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा,' शानदार टेस्ट कैरियर के लिये बधाई विराट कोहली। टी20 क्रिकेट के उत्थान के दौर में पारंपरिक प्रारूप की लोकप्रियता बनाये रखने और अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करने के लिये धन्यवाद।' भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा, 'विश्वास नहीं होता कि टेस्ट कैरियर खत्म हो गया। तुम आधुनिक क्रिकेट के दिग्गज हो और बतौर खिलाड़ी और कप्तान टेस्ट क्रिकेट के शानदार दूत रहे। हर किसी को, खास तौर पर मुझे अमिट यादें देने के लिये धन्यवाद। मैं जीवन भर इसे याद रखूंगा।' टेनिस के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने भी सोशल मीडिया पर कोहली के करियर की सराहना की। जोकोविच ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'अविश्वसनीय पारी।' भारत के 2011 वनडे विश्व कप जीत के नायक युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट ने तुम्हारे भीतर के योद्धा को तलाशा और तुमने इसके लिये सब कुछ दे दिया। तुमने महान खिलाड़ियों की तरह खेला, सीने में आग और हर कदम पर गर्व। सफेद जर्सी में तुम्हारे योगदान पर गर्व है।' आरसीबी में विराट के साथ खिलाड़ी रहे दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स ने एक्स पर लिखा, 'मेरी बिस्कोटी (एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) को शानदार टेस्ट कैरियर पर बधाई। आपकी प्रतिबद्धता और कौशल ने हमेशा मुझे प्रेरित किया। सही मायने में लीजैंड।' भारत के पूर्व आक्रामक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, 'जब मैंने तुम्हें देखा, मुझे लग गया था कि तुम खास हो। तुमने जिस जुनून के साथ टेस्ट क्रिकेट खेला, उसे देखना वाकई आनंददायक था। तुम टेस्ट क्रिकेट के बेहतरीन राजदूत थे। तुम्हें वनडे क्रिकेट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा, 'विराट, हम उस दौर के साझेदार रहे हैं, साथ खेलें और गर्व से टेस्ट क्रिकेट के लंबे दिनों को जिया। सफेद जर्सी में तुम्हारी बल्लेबाजी खास रही, सिर्फ आंकड़ों के ही नहीं बल्कि इरादों, जुनून और प्रेरणा के मामले में भी।'

### रोहित-कोहली के टेस्ट संन्यास ने दिखाया चयन समिति का दमखम और दूरदर्शिता

**नयी दिल्ली :** हमेशा सुर्खियों में रहने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का चयन करना आसान काम नहीं और पिछले कुछ अर्से में कठिन फैसले नहीं लेने के कारण चयन समितियों को 'रीढहीन' तक करार दिया गया। एक सप्ताह के भीतर ही हालांकि अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास में अहम भूमिका निभाकर इस धारणा को बदल दिया। निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी इसकी जानकारी रही होगी। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये चक्र से पहले चयनकर्ताओं ने रोहित को अपने फैसले से अवगत करा दिया। इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के कोहली के अनुरोध को भी मान लिया। जिस देश में कोहली और रोहित जैसे 'लीजैंड' के संन्यास को संभालना मुश्किल काम था, चयनकर्ताओं ने दूरदर्शिता दिखाई। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि अगरकर और उनकी टीम को इन दोनों महान खिलाड़ियों के संन्यास से पेशेवर तरीके से निपटने के लिये सराहना मिलनी चाहिये।

## साईराज ने 81 किग्रा भारोत्तोलन में युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता



**पटना :** महाराष्ट्र के होनहार भारोत्तोलक साईराज परदेशी ने सोमवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) के नौवें दिन 81 किग्रा स्वर्ण पदक जीतने के दौरान तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर सुर्खियां बटोरीं। परदेशी ने 81 किग्रा वर्ग में स्नैच (140 किग्रा), क्लीन एंड जर्क (172 किग्रा) और कुल लिफ्ट (312 किग्रा) में रिकॉर्ड तोड़ते हुए आंध्र प्रदेश के एम. तरुण (287 किग्रा) और उत्तर प्रदेश के आयुष राणा (264 किग्रा) को पीछे छोड़ दिया। इससे महाराष्ट्र 35 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बना रहा जिसके बाद कर्नाटक और राजस्थान काबिज हैं। एथलेटिक्स प्रतियोगिता यहां पाटलिपुत्र खेल परिसर में शुरू हुई और चार मीट रिकॉर्ड पहले ही टूट चुके हैं। तमिलनाडु के जितिन अर्जुनन ने लंबी कूद में नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनके 7.65 मीटर ने दिल्ली के आर्यन चौधरी द्वारा पंचकुला में 2022 में बनाए गए 7.42 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उत्तर प्रदेश के कादिर खान ने अंडर-18 400 मीटर लड़कों की हीट में मीट रिकॉर्ड बनाया। खान ने 47.67 सेकंड का समय निकालकर केरल के अब्दुल रज्जाक (48.34 सेकंड) द्वारा 2019 में पुणे खेलों में बनाए गए मीट रिकॉर्ड को तोड़ दिया। लड़कों की चक्का फेंक स्पर्धा में (राजस्थान के हंसराज धायल 63.18 मीटर) और लड़कों के 110 मीटर बाधा दौड़ (महाराष्ट्र के सैफ फारूक चाफेई, 13.48 सेकंड) में भी नए मीट रिकॉर्ड बने।



## अब वैगन आर, आल्टो के10, ईको में आएंगे छह एयरबैग: मारुति सुजुकी



**नयी दिल्ली :** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि वह वैगन आर, ऑल्टो के10, सेलेरियो और ईको मॉडल के सभी संस्करणों में छह एयरबैग की पेशकश करेगी। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी ने बयान में कहा कि यह कदम विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए बढ़ी हुई सुरक्षा की पेशकश करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बयान में कहा, 'भारत का तेजी से विस्तारित आधुनिक सड़क बुनियादी ढांचा, तेज रफ्तार वाले एक्सप्रेसवे और विकसित हो रहे आवागमन के रुझान दर्शाते हैं कि मजबूत सुरक्षा उपायों की जरूरत पहले कभी इतनी अधिक नहीं थी।' उन्होंने कहा कि वैगन आर, ऑल्टो के10, सेलेरियो और ईको में छह एयरबैग को मानक बनाने के निर्णय के साथ कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी के लिए बेहतर सुरक्षा उपलब्ध हो। बनर्जी ने कहा, 'इन मॉडल की अपार लोकप्रियता को देखते हुए, यह कदम बड़ी संख्या में मोटर चालकों के लिए सुरक्षा मानकों को काफी हद तक बढ़ाता है और देश भर में यात्रियों की सुरक्षा में समग्र रूप से योगदान देता है।' कंपनी अपने एरेना बिक्री नेटवर्क के जरिये वैगन आर, ऑल्टो के10, सेलेरियो और ईको जैसे मॉडल की बिक्री करती है जबकि नेक्सा नेटवर्क के जरिये वह बलेनो, ग्रैंड विटारा और इनविक्टो जैसे प्रीमियम मॉडल बेचती है।

## सीमा पर तनाव थमने से शेयर बाजार ने लगाई लंबी छलांग, सेंसेक्स 2,975 अंक चढ़ा




मुंबई : भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव कम करने के लिए बनी सहमति का स्थानीय शेयर बाजार ने सोमवार को शानदार स्वागत किया और मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने करीब चार प्रतिशत की छलांग के साथ एक कारोबारी सत्र की सबसे ऊंची बढ़त दर्ज की। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में 2,975.43 अंक की जबर्दस्त तेजी देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी ने 916.70 अंक की बड़ी छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि पाकिस्तान के साथ जारी तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति बनने से निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा बनी। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच सीमा शुल्क संबंधी समझौते की घोषणा से भी निवेशक उत्साहित हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,975.43 अंक यानी 3.74 प्रतिशत बढ़कर सात महीने से अधिक के उच्चस्तर 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,041.5 अंक बढ़कर 82,495.97 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की शानदार तेजी के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 936.8 अंक बढ़कर 24,944.80 अंक पर पहुंच गया था। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), धातु, रियल्टी और प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में हुई खरीदारी के चलते सेंसेक्स और निफ्टी ने एक कारोबारी सत्र की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की। दोनों सूचकांकों ने इससे पहले तीन जून, 2024 को लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा से एक दिन पहले सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की थी। उस दिन सेंसेक्स में 2,507.45 अंक और निफ्टी में 733.20 अंक की भारी बढ़त देखी गई थी। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'सकारात्मक भू-राजनीतिक एवं आर्थिक घटनाक्रम के मेल ने हाल के दिनों की सबसे बड़ी एक दिन की तेजी का रास्ता तैयार किया।'

## न्यूज अपडेट

### गोवा में 2025 के पहले तीन माह में पर्यटकों की संख्या 10.5 प्रतिशत बढ़ी: सरकार

**पणजी :** गोवा ने 2025 के पहले तीन महीनों में पर्यटकों की संख्या में सालाना आधार पर 10.5 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान 28,51,554 पर्यटक तटीय राज्य में आए। वर्ष 2024 की इसी अवधि में पर्यटकों की संख्या 25,80,155 थी। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खाउंटे ने कहा कि बेहतर हवाई संपर्क सहित त्रि-आयामी रणनीति की वजह से यह सफलता मिली। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग की त्रि-आयामी रणनीति में - मुख्य और उभरते बाजारों को मजबूत करना, अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क का विस्तार करना और पर्यटन पेशकशों में विविधता लाना - शामिल है। उन्होंने कहा, 'हमारी सफलता आकस्मिक नहीं है, यह गहरी साझेदारी, रणनीतिक योजना और लगातार बाजार पहुंच का नतीजा है।'

### एमएनआरई सचिव संतोष कुमार सारंगी को एसईसीआई के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार मिला

**नयी दिल्ली :** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सचिव संतोष कुमार सारंगी को भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति या अगले आदेश तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी को एसईसीआई के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दी गई है। मंत्रालय के शनिवार को जारी आदेश के मुताबिक, यह नियुक्ति 10 मई को एसईसीआई के सीएमडी के रूप में रामेश्वर प्रसाद गुप्ता की सेवाओं को समाप्त करने के बाद की गई है। गुप्ता का कार्यकाल पूरा होने से एक महीने उन्हें सेवा मुक्त करने के संबंध में आए इस आदेश में इस कदम का कोई कारण नहीं बताया गया है।

### पंजाब में 1,500 करोड़ रुपये का फर्जी बिलिंग घोटाला सामने आया: मंत्री चीमा

**चंडीगढ़ :** पंजाब के कराधान विभाग ने 1,549 करोड़ रुपये के लेनदेन से जुड़े एक फर्जी बिलिंग घोटाले का पता लगाया है, जिसे कुछ बेईमान व्यापारियों ने मिलकर अंजाम दिया। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि 108.79 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के दावों को सफलतापूर्वक रोका गया है। चीमा ने कहा कि विभाग ने लुधियाना में सोने से संबंधित लेनदेन में 900 करोड़ रुपये की फर्जी बिलिंग का पता लगाया और 21 करोड़ रुपये के आईटीसी को रोक दिया। इसके अलावा, मोहाली, खरड़ और कोटकपुरा में कोयले के लेनदेन में 226 करोड़ रुपये के फर्जी चालान का पता लगाने के बाद 12 करोड़ रुपये के आईटीसी दावे को रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि लुधियाना और मंडी गोविंदगढ़ में कुल 423 करोड़ रुपये के फर्जी लेनदेन का पता लगाकर 75.79 करोड़ रुपये के आईटीसी को रोका गया।

## चीन, तुर्की की वस्तुओं का बहिष्कार करें व्यापारिक संगठन : सीटीआई

**नयी दिल्ली :** चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में 700 से अधिक व्यापारिक संगठनों से चीन और तुर्की के साथ सभी प्रकार के व्यापार को रोकने की अपील की। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा, 'चीन और तुर्की ने भारत-पाक संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी का समर्थन किया है।' उन्होंने कहा, 'चीन को भारतीय बाजारों से काफी लाभ होता है, क्योंकि देश भर में इसके उत्पादों का व्यापक रूप से व्यवसायों में उपयोग किया जाता है। इसके बावजूद, वह (चीन) गैर-मित्रतापूर्ण रुख अपनाना जारी रखे है। ऐसे देशों पर हमारी आर्थिक निर्भरता पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है।' गोयल ने विशेष रूप से तुर्की के साथ वाणिज्यिक संबंधों को धीरे-धीरे कम करने पर जोर दिया, जो भारतीय पर्यटन से काफी राजस्व अर्जित करता है। सीटीआई के अनुसार, 'वर्ष 2024 में, लगभग 27.5 लाख भारतीय पर्यटक तुर्की गए, जिससे दोनों देशों के बीच 12.5 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ।' सीटीआई के महासचिव गुरमीत अरोड़ा ने सरकार से चीनी आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने पर विचार करने का आग्रह किया।

## बदले हालात में सहकारिता क्षेत्र के लिए नया कानून लाने की जरूरत: गडकरी



**मुंबई :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को उभरती आर्थिक स्थितियों के अनुरूप सहकारी प्रतिष्ठानों को नियंत्रित करने वाले कानूनों में संशोधन की जरूरत पर बल दिया। गडकरी ने यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि सहकारिता क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की वित्तीय स्थिति को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार को सुझाव दिया कि वह राज्य में उभरती आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए सहकारिता क्षेत्र के लिए एक नया कानून बनाए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों के बीच आर्थिक असंतुलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 22-24 प्रतिशत है जबकि सेवा क्षेत्र 52-54 प्रतिशत योगदान के साथ सर्वाधिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जुटाता है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं ग्रामीण विकास क्षेत्र 60 प्रतिशत आबादी को रोजगार देने के बावजूद केवल 12 प्रतिशत ही योगदान देता है। गडकरी ने कहा, 'ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, नौकरियों और सुविधाओं की कमी होने से लगभग 30 प्रतिशत लोग मजबूरी में शहरों की ओर पलायन कर गए हैं।' उन्होंने डेयरी क्षेत्र को ग्रामीण आबादी की आय बढ़ाने का मॉडल बताते हुए कहा, 'सहकारी क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान और उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।'

### भारत ने मालदीव को पांच करोड़ डॉलर की अल्पकालिक ऋण सुविधा को एक और साल के लिए बढ़ाया

माले : भारत ने मालदीव के पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर की अल्पकालिक ऋण सुविधा (ट्रेजरी बिल) को एक और साल के लिए आगे बढ़ाकर महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता दी है। मालदीव सरकार ने कहा कि इस कदम से आर्थिक मजबूती के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के उसके मौजूदा प्रयासों को मदद मिलेगी। मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए खरीदा है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4234 अंक 044, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in